

इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 44.2°C

न्यूनतम तापमान 28.8°C

सूर्योदय - 5.27 | सूर्यास्त - 6.46



नवागत पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने 2



सैयामी खेर ने विक्रम फडनीस की फिल्म की शूटिंग 7



सुधीर मिश्रा फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड 9

# 3 डॉक्टर्स ने 8-10 लाख में खरीदी एमबीबीएस की डिग्री

## सरकारी अस्पताल में कर रहे थे इलाज, 3 फर्जी डॉक्टर अरेस्ट

दमोह (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश के दमोह में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ा बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। सरकारी आरोग्य केंद्र और संजीवनी क्लिनिक में काम कर रहे तीन फर्जी डॉक्टर पकड़े गए हैं। इनके पास मिली एमबीबीएस डिग्री और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन फर्जी निकला। आरोपियों ने 8 से 10 लाख रुपए में फर्जी डिग्री खरीदी थी। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. कुमार सचिन यादव निवासी ग्वालियर, डॉ. राजपाल गौर निवासी सीहोर और डॉ. अजय मौर्य निवासी मुरैना शामिल हैं। अजय फिलहाल जबलपुर में रह रहा था। जांच में उसके पास भी एमबीबीएस की फर्जी डिग्री मिली है। पुलिस के मुताबिक, सचिन यादव और राजपाल गौर दमोह के सरकारी आरोग्य केंद्र और संजीवनी क्लिनिक में काम कर रहे थे। वहीं अजय मौर्य जबलपुर में पिछले ढाई साल से संजीवनी अस्पताल में डॉक्टर के रूप में काम कर रहा था। तीनों के पास एमबीबीएस की फर्जी डिग्री मिली है। फर्जी डिग्री मामले में जीवाजी यूनिवर्सिटी और रीवा मेडिकल कॉलेज का नाम भी सामने आ रहा है। एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम भेजी गई है। फर्जी डिग्री तैयार करने वाले




असली सरगना को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस नेटवर्क से और कितने लोग जुड़े हैं। जांच में सामने आया कि डॉ. सचिन यादव के पास बीडीएस की असली डिग्री है। वह करीब पांच महीने पहले संजीवनी क्लिनिक में नियुक्त हुआ था। वहीं राजपाल गौर करीब एक साल से काम कर रहा था। उसके पास बीएचएमएस की डिग्री मिली है। हालांकि, दोनों के पास एमबीबीएस की डिग्री और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का वैध रजिस्ट्रेशन नहीं था। आरोप है कि दोनों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में नौकरी हासिल की।

### नियुक्ति निरस्त करने लिखा पत्र

दमोह सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या ने बताया कि दोनों फर्जी डॉक्टरों की नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से हुई थी। जांच में उनकी एमबीबीएस डिग्री नकली पाई गई, इसलिए भोपाल स्थित एनएचएम कार्यालय को नियुक्ति निरस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। नियुक्ति रद्द करने का अधिकार एनएचएम भोपाल के पास है। सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या के मुताबिक, दोनों डॉक्टर हर दिन करीब 30 से 40 मरीजों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने बताया कि संजीवनी क्लिनिक में केवल ओपीडी सेवाएं संचालित होती हैं और गंभीर मरीजों का इलाज वहां नहीं किया जाता।

### 70 से 80 हजार रुपए था वेतन

डॉ. राजेश अठ्या ने कहा कि शुरुआती जांच में ऐसा सामने नहीं आया है कि किसी मरीज को ऐसी दवा दी गई हो, जिससे जान का खतरा पैदा हुआ हो। दोनों डॉक्टरों को हर महीने 70 से 80 हजार रुपए तक वेतन दिया जा रहा था। डिग्रियों के सत्यापन के दौरान बड़ा खुलासा हुआ। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नंबर चेक करने पर संबंधित नामों से कोई वैध रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। जांच में पता चला कि डॉक्टरों द्वारा दिए गए नंबर किसी और व्यक्ति के नाम पर दर्ज थे। इसके बाद पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ और पुलिस जांच शुरू हुई।

# 48 घंटे में भरने होंगे सड़कों के गड्ढे

## सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी ने दो महीने में मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली/भोपाल

सड़क पर बने गड्ढों, खुले नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में अब प्रशासन और सड़क निर्माण एजेंसियों को बैरिकेडिंग करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर 48 घंटे के भीतर गड्ढे भरने और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। मुख्य सचिव को भेजे पत्र में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने दो महीने में रिपोर्ट मांगी है। बारिश में ऐसे स्थानों पर रात में प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सड़क हादसे न हों। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। समिति ने गड्ढों, खुले नालों, मैनहोल और बिना बैरिकेड वाले जलभराव क्षेत्रों की तुरंत मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को भी इस संबंध में निर्देश जारी कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। समिति ने पत्र में कहा है कि सड़क किनारे खुले और बिना रोशनी वाले जलभराव क्षेत्र तथा खराब सड़कें जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। सड़क सुरक्षा में लापरवाही से कई लोगों की जान जा चुकी है।




### 48 घंटे के भीतर हो कार्रवाई

समिति ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि चिन्हित गड्ढों की तत्काल मरम्मत की जाए तथा किसी भी खतरे की सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर कार्रवाई हो। साथ ही खुले मैनहोल, नालों और जलभराव वाले स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिव टेप और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।

### दो माह में देनी होगी रिपोर्ट

निर्देशों में कहा गया है कि सड़क निर्माण और रखरखाव भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानकों के अनुसार होना चाहिए। समिति ने कहा है कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले राज्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। मध्यप्रदेश समेत सभी राज्यों को दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### 5 साल के हादसों का डेटा मांगा

जिला सड़क सुरक्षा समितियों को नियमित ऑडिट कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के आदेश दिए गए हैं। समिति ने राज्यों से पिछले पांच सालों में गड्ढों के कारण हुए हादसों का डेटा मांगा है। खुले जलभराव और बिना बैरिकेड वाले क्षेत्रों में हुई मौतों और घायलों की जानकारी भी मांगी गई है।

### 2018 में भी दिए थे निर्देश

इससे पहले 2018 में भी रोड सेफ्टी कमेटी ने सड़क हादसे कम करने के लिए राज्यों को कई निर्देश दिए थे। इनमें हाईवे पेट्रोलिंग बढ़ाने, स्पीड मॉनिटरिंग, सड़क किनारे बैरियर लगाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का ऑडिट और स्कूल वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे निर्देश शामिल थे।



# ट्रक-कंटेनर की टक्कर में 12 लोगों की मौत

## महाराष्ट्र के पालघर में हुआ भीषण हादसा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर सोमवार को ट्रक और कंटेनर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक सवार 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक डहाणू तहसील के बापूगांव से 100 से ज्यादा लोग एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रक में जा रहे थे। इसी दौरान पालघर जिले के धानीवरी गांव के पास सामने से आ रहे कंटेनर से ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक और कंटेनर दोनों सड़क पर पलट गए। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक में बैठे कई लोग उसके नीचे दब गए। मृतकों और घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से ट्रक में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तुरंत कासा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना के कारण मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर ट्रैफिक बहाल कराया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और ड्राइवर की लापरवाही मानी जा रही है।

### 'आप' नेता दीपक सिंगला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला को 155 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि ये पूरी कार्रवाई महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े 155 करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड मामले में की गई है। इस वित्तीय घोटाले के तार आम आदमी पार्टी के पहले से ही गिरफ्तार पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से भी जुड़े हुए हैं। इसी कड़ी को जोड़ने और अहम सबूत जुटाने के लिए जांच एजेंसी ने ये पैन इंडिया ऑपरेशन चलाया और वित्तीय हेरफेर के पुख्ता सबूत मिलने के बाद आप नेता को हिरासत में ले लिया है। ईडी की टीम ने आज सुबह दीपक सिंगला, महेश सिंगला, अमरिक गिल और अन्य से जुड़े गोवा-दिल्ली में 7 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की।

### टीचर-इंजीनियर समेत 10 की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में सोमवार सुबह 7.30 बजे मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। ये सभी मैजिक वाहन में सवार थे। 9 लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में सरकारी टीचर और इंजीनियर भी शामिल हैं। हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर अदलीसपुर गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से सिसैया की तरफ से जा रहा था।

**नीट पेपर लीक मामले में नया खुलासा**

# कोचिंग सेन्टर तक जाल, 45 में से फंसे 42 सवाल

नई दिल्ली

नीट परीक्षा में केमिस्ट्री के 45 में से 42 सवाल हूबहू मैच होने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिलचस्प बात यह है कि इस खेल का भंडाफोड़ किसी और ने नहीं, बल्कि खुद आरोपी कोचिंग संचालक शिवराज मोटेगांवकर के एक सोशल मीडिया वीडियो ने किया है। वीडियो में छात्र कैमरे पर कबूल कर रहे हैं कि कोचिंग के गेस पेपर से ही नीट परीक्षा के 42 सवाल आए थे। पैरेंट्स की शिकायत के बाद हरकत में आई सीबीआई ने लातूर के नामी आरसीसी क्लासेस के दफ्तर पर ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुये



केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट-यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ था। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 23 अप्रैल को ही पेपर और आंसर की हासिल की और कई लोगों को दी थी। सीबीआई ने 15 मई को मोटेगांवकर से उसके घर पर 8 घंटे पूछताछ की थी। दरअसल, शिवराज मोटेगांवकर ने एक वीडियो अपने फेसबुक अकाउंट पर डाला हुआ है। इस वीडियो में वो अपने स्टूडेंट का इंटरव्यू लेते हुए पूछ रहे हैं कि इस साल एग्जाम में मैंने जो गेस पेपर दिए थे उसमें से कितने क्वेश्चंस सेम आए हैं? जिसमें एक स्टूडेंट ने बताया कि 45 में से 42 क्वेश्चंस आपके दिए हुए गेस पेपर में से ही आए हैं। इसके बाद एक पैरेंट्स ने लातूर के एसपी ऑफिस में मोटेगांवकर के खिलाफ शिकायत की थी जिसके चलते सीबीआई मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। नीट एग्जाम 2026 में हुए केमिस्ट्री के पेपर में 42 सवाल आरसीसी क्लासेस के संचालक शिवराज मोटेगांवकर के दिए हुए गेस पेपर में से आने की शिकायत पुलिस को मिलने के बाद 2 दिन पहले सीबीआई ने शिवराज मोटेगांवकर उनके घर जाकर लगभग 8 घंटे तक पूछताछ कर उन्हें छोड़ दिया था। लेकिन कल फिर सीबीआई की टीम ने उनके लातूर में स्थित आरसीसी क्लासेस पर रेड कर इन्वेस्टिगेशन किया और अब सीबीआई ने आगे की पूछताछ के लिए उन्हें पुणे बुला लिया है।

### एक लाख रिश्वत लेते डीपीसी गिरफ्तार

**धार।** लोकायुक्त इंदौर की टीम ने सोमवार को धार जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन पर निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 17 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। मामला समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालय परिसरों में 122 शौचालयों के निर्माण से जुड़ा है। इन कार्यों के लिए लगभग 3 करोड़ 42 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। आवेदक दिलीप साधव, जो जिला शिक्षा केंद्र धार में प्रभारी सहायक यंत्री हैं, इन निर्माण कार्यों का सुपरविजन कर रहे थे। डीपीसी प्रदीप कुमार खरे निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 17 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे।

# 'केरल स्टोरी' का नया अध्याय शुरू

## मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने मंत्रियों के साथ शपथ ली

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में वीडी सतीशन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। उन्हे राज्यपाल आर.वी. अर्लेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ 20 सदस्यीय कैबिनेट ने भी शपथ ली है। केरल में लगभग छह दशक बाद ऐसा पहला मौका था जब मुख्यमंत्री ने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शपथ ली है। वीडी सतीशन के साथ शपथ लेने वाले 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल में कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं के नाम शामिल हैं। वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने मंत्री पद की शपथ ली और जानकारी दी कि वह गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। उनके अलावा केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सनी जोसेफ और कांग्रेस विधायक के. मुरलीधरन ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। कांग्रेस नेतृत्व वाली नई यूडीएफ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी भाग लिया और पार्टी की एकजुटता का संदेश दिया। इनके अलावा विपक्ष के नेता और केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, आईयूएमएल के प्रमुख नेता सैयद सादिकली शिहाब थंगल भी शामिल




# अब समंदर में कांपेंगे भारत के दुश्मन

## दूनागिरी, संशोधक, अग्रय और मालवन वॉरशिप नौसेना में होंगे शामिल

नई दिल्ली

भारतीय नौसेना अपनी समुद्री क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। भारतीय नौसेना जल्द ही चार स्वदेशी युद्धपोतों- स्टेल्थ फ्रिगेट दूनागिरी, सर्वेक्षण पोत संशोधक और दो एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रय व मालवन को कमीशन करने जा रही है। ये सभी पोत पूरी तरह भारत में बने हैं। अगले कुछ हफ्तों में इनकी कमीशनिंग होने वाली है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाई गई दूनागिरी नीलगिरी क्लास की पांचवीं फ्रिगेट है। इसे कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में बनाया गया है। यह युद्धपोत अत्याधुनिक स्टेल्थ तकनीक, शक्तिशाली हथियारों और बेहतरीन



ऑटोमैटिक सिस्टम से लैस है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल, रडार, एयर डिफेंस सिस्टम, 76एमएम तोप और एंटी-सबमरीन हथियार शामिल हैं। पुरानी आईएनएस दूनागिरी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए नई दूनागिरी नौसेना की ताकत बढ़ाएगी। इसका नाम उत्तराखंड के पर्वत पर रखा गया है। अग्रय जीआरएसई, कोलकाता द्वारा बनाया गया चौथा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है। यह लगभग 77 मीटर लंबा है। वॉटरजेट प्रोपल्शन से चलता है। इसमें हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और एडवांस सोनार सिस्टम लगे हैं जो समुद्र में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम हैं। मालवन कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया दूसरा एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी है। यह महाराष्ट्र के प्रसिद्ध मालवन शहर के नाम पर रखा गया है। लगभग 80 मीटर लंबा और 1100 टन वजन वाला यह पोत भी पानी के उथले इलाकों में एंटी-सबमरीन, माइन वारफेयर और तटीय निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। दोनों पोतों में 80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। संशोधक चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में आखिरी है। इसे भी जीआरएसई कोलकाता में बनाया गया है। 30 मार्च 2026 को डिलीवर किया गया यह 110 मीटर लंबा और 3400 टन वजन वाला पोत हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्र की गहराई मापने, नेविगेशन चैनल तय करने और महासागरीय डेटा इकट्ठा करने का काम करेगा। इसमें ऑटोनॉमस अंडर वॉटर व्हीकल, रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल, एडवांस्ड सोनार जैसे उपकरण लगे हैं। यह पोत 18 नॉट से ज्यादा की रफ्तार पकड़ सकता है।

### बहुमुखी युद्ध क्षमता बढ़ेगी

ये चारों स्वदेशी पोत भारतीय नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूती देंगे। खासकर चीन की बढ़ती समुद्री गतिविधियों के बीच पनडुब्बी रक्षा, तटीय सुरक्षा, समुद्री निगरानी और बहुमुखी युद्ध क्षमता बढ़ेगी। इनके शामिल होने से नौसेना की लड़ाकू क्षमता में वृद्धि होगी और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना अब इन पोतों के कमीशनिंग की तारीखों का इंतजार कर रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

## सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का पुलिस एवं संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त भ्रमण करें : कलेक्टर




शहडोल (स्वतंत्र मत)

सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का पुलिस एवं संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त भ्रमण करें तथा दुर्घटना के कारणों का अध्ययन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना होने पर संबंधित थाने को अनिवार्य रूप से जानकारी दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि अनियंत्रित गति से दो पहिया वाहन चलाने तथा हेलमेट का उपयोग नहीं करने से सड़क दुर्घटना में अधिकतर मौतें होती हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जिले के नागरिकों से दो पहिया वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई। कलेक्टर ने शहडोल नगर के प्रमुख चौराहों जय स्तम्भ चौक, न्यू गांधी चौक से बुढ़ार चौक एवं अन्य चौराहों में पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जिले में औसतन 20 मौतें प्रतिमाह दर्ज की जाती हैं। जिसका प्रमुख कारण दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करना है। आपने कहा कि मुख्य मार्गों में जहां स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं वहां वाहन चालक किनारे से स्पीड के साथ गुजरते हैं और दुर्घटना ग्रस्त होते हैं। सड़क निर्माण विभाग के अधिकारी स्पीड ब्रेकर के दोनो साईड के सोल्डर में बड़े पत्थर लगाकर उन्हें ब्लाक कर दें। बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर गोल्डेन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाता है। इसी तरह प्रधान मंत्री राहत योजना के तहत 1.5 लाख रूपए का कैशलेश ट्रीटमेन्ट दिया जाता है। जिले में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं थाना देवलोंद, ब्यौहारी, सोहागपुर, बुढ़ार तथा जैतपुर क्षेत्र में हो रही हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पंकज खरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आरईएस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशा भण्डारी, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आशोक सिंह, यातायात प्रभारी संजय जायसवाल उपस्थित रहे।





# कुएं में डूबने से मादा तेंदुए की मौत, वन अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ शवदाह

शहडोल (स्वतंत्र मत)

वनमंडलाधिकारी दक्षिण ने जानकारी दी है कि वन परिक्षेत्र के सर्किल सिंहपुर के बीट अंतरा के राजस्व ग्राम मझगवां में एक तेन्दुआ (मादा) की कुंए में गिरकर पानी में डूबने से मृत्यु होने की सूचना प्रकाश में आई। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। शव परीक्षण डॉ. राजेश तोमर, वन्यप्राणी चिकित्सक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व द्वारा किया गया। वन्यजीव बाघ, तेन्दुआ, चीता, हाथी के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह की कार्यवाही महेन्द्र प्रताप सिंह, भा.व.से., वन संरक्षक वन वृत्त, डेविड वेंकटाराव चनाप वनमण्डलाधिकारी अनूपपुर, प्रितेश पखाले, प्रशिक्षु भा.व.से. उ.व.म.अ. राजेन्द्रग्राम, संतोष कुमार शुक्ला, स.व.सं. उ.व.म.अ. सोहागपुर, रामनरेश विश्वकर्मा, वनक्षेत्रपाल प.अ. स्थानीय वन स्टाफ, पूनम बैगा पति प्रोग्राम बैगा संरपंच ग्रा.पं. मझगवां एवं राजस्व अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# मतदाता सूची के प्रकाशन एवं पुनरीक्षण कार्यों की दी जानकारी

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न




शहडोल (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु 01 जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई को संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विहित स्थानों में मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो गई है जो 25 मई को अपरान्ह 03 बजे तक चलेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ स्तर अभिकर्ताओं के माध्यम से मतदाता सूची का परीक्षण कर आवश्यक दावे एवं आपत्तियां निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 30 मई को किया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरीय निकायों की मतदाता सूची का सेट उपलब्ध कराया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, शेख अरफाना बेगम तथा विनोद यादव, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे तथा जीके पाण्डेय उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

## 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश



शहडोल (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में 100 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की मानीटरिंग करें तथा इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, तथा जनजातीय कार्य विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मिनीषा पाण्डेय, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवागत पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने संभाली डिंडौरी जिले की कमान



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले को आज नए पुलिस अधीक्षक के रूप में अनुभवी नेतृत्व मिला, जब आशीष खरे ने विधिवत रूप से पुलिस अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही पुलिस कार्यालय परिसर में स्वागत और अभिनंदन का माहौल देखने को मिला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक श्री खरे ने जिले की कानून व्यवस्था, कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए स्पष्ट संकेत दिए कि जिले में प्रभावी पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण और आमजन के साथ बेहतर समन्वय उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने विभाग के सात कर्मचारियों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति उपरांत वरिष्ठ पदभार भी ग्रहण कराया। उन्होंने पदोन्नत कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं बल्कि जिम्मेदारियों में वृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत के साथ अपने नए दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। पदोन्नत कर्मचारियों में निक्की सोनकर, केवश प्रसाद कोकड़िया, लक्ष्मण सिंह मरावी, योगेश नेवारे, श्याम कुमार तिवारी, दिलीप कुमार सनोडिया एवं हेमंत कुमार झारिया शामिल हैं। इस अवसर पर एसडीओपी सतीष द्विवेदी, थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नागपुरे सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक श्री खरे ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं कार्यालयीन स्टाफ की अपराध समीक्षा एवं परिचयात्मक बैठक भी ली। बैठक में लंबित अपराधों, गंभीर प्रकरणों, फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित एवं प्रभावी गश्त सुनिश्चित करें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। मादक पदार्थों की तस्करी, असामाजिक गतिविधियों और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निगरानी बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत नजर रखी जाए।

# अगर थान सिंह नहीं पहुंचते तो चली जाती मासूम की जान, खुले बोरवेल ने फिर खोली सिस्टम की पोल



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

खुले बोरवेल को लेकर सख्त नियम और सुरक्षा गाइडलाइन लागू होने के बावजूद हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला डिंडौरी जिले के झनकी गांव से सामने आया है, जहां एक खुला सूखा बोरवेल आठ वर्षीय मासूम शिवम पंद्राम की जिंदगी पर भारी पड़ते-पड़ते बच गया। करीब साढ़े पांच घंटे तक मासूम बोरवेल के अंदर जिंदगी और मौत से जूझता रहा। गनीमत रही कि एक ग्रामीण की सतर्कता और साहस से समय रहते उसकी जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे शिवम गांव में खेलते-खेलते अचानक खुले पड़े सूखे बोरवेल में जा गिरा। घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बच्चे की आवाज किसी तक नहीं पहुंच सकी। मासूम बोरवेल के अंदर फंसा रोता-बिलखता रहा और बाहर मदद के लिए कोई नहीं था। इसी दौरान गांव से गुजर रहे ग्रामीण थान सिंह की साइकिल अचानक खराब हो गई। जब वह साइकिल ठीक करने के लिए रुके, तभी उन्हें पास के बोरवेल से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब उन्होंने ध्यान से देखा तो मासूम शिवम बोरवेल के अंदर फंसा दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए थान सिंह ने बिना समय गंवाए बच्चे को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और साहसिक प्रयास के बाद ग्रामीण ने शिवम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चे को बाहर आते देख परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि उक्त बोरवेल वर्ष 2023 में नलजल योजना के तहत खोदा गया था। पानी नहीं मिलने पर इसे अनुपयोगी मानकर बंद कर दिया गया था। लेकिन सवाल यह खड़ा हो रहा है कि यदि बोरवेल को नियमानुसार बंद किया गया था, तो हादसे वाले दिन वह खुला कैसे मिला?

# समय-सीमा की बैठक संपन्न : सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर नोटिस और कार्रवाई के निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण को जिम्मेदारी के साथ निराकरण करें ताकि संबंधित को लाभ मिल सके और जिन विभागों के द्वारा सीएम हेल्पलाइन अटैंड नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन विभागों में हितग्राही बार-बार सीएम हेल्पलाइन लगा रहे हैं उन विभागों के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकासखंड अमरपुर के जनपद पंचायत मैदान में जनसुनवाई चौपाल लगाकर आम जनता की स्थानीय समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए। जिसमें विकासखंड स्तरीय अधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, सहायक संचालक कृषि, सहायक संचालक पशुपालन एवं संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। यह कैंप सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक संचालित होगा। जिसमें सभी विभागों के समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। शेष समस्याओं का समय देकर निराकरण किया जाए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए की आगामी समय में ऐसे उपार्जन केंद्र या खरीदी केंद्र बनाये जाएंगे जहां पर सामग्री रखने की पर्याप्त व्यवस्था हो। जहां उपार्जन केंद्र पर आने वाले सामग्री को जमीन की वजह फर्स पर रखने की व्यवस्था हों। जहां पर बरसात का पानी न पहुंच सके। कलेक्टर ने आबकारी अधिकारी को अवैध रूप से बिक्री होने वाले मादक पदार्थों को रोकने के लिए विकासखंड स्तर पर जांच करने के निर्देश दिए।



# बदहाल सड़क से त्रस्त जनता का अल्टीमेटम निर्माण शुरू करो, वरना होगा उग्र आंदोलन..!

## एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ 14 किमी सड़क निर्माण,आंदोलन और भूख हड़ताल की चेतावनी



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के मेहंदवानी क्षेत्र में डुंगरिया से राई तक डामलीकरण रोड की जर्जर हालत को लेकर अब जन आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 की जनपद सदस्य श्रीमती सरोज टेकाम ने कलेक्टर डिंडौरी को स्मरण पत्र सौंपते हुए जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रीय जनता के साथ आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की जाएगी। स्मरण पत्र में उल्लेख किया गया है कि राई से डुंगरिया तक लगभग 14 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है। इस सड़क का टेंडर क्रमांक 420361 जारी किया गया था तथा टेंडर की तिथि 01 मई 2025 बताई गई है। बावजूद इसके लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। वर्तमान में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य ने आरोप लगाया कि ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। खराब सड़क के कारण आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों और मरीजों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। पत्र में यह भी बताया गया कि इस संबंध में 13 अप्रैल 2026 को भी आवेदन प्रस्तुत किया गया था, लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे क्षेत्रीय जनता में भारी नाराजगी व्याप्त है। जनप्रतिनिधि ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया तो मजबूर होकर डिंडौरी-जबलपुर मार्ग पर चक्काजाम किया जाएगा, जिसमें हजारों ग्रामीण शामिल होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग की होगी। श्रीमती सरोज टेकाम ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़क समस्या से जूझ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग उदासीन बना हुआ है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो मुख्यमंत्री के आगमन तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखी जाएगी। इस मामले ने एक बार फिर जिले में विकास कार्यों की धीमी गति और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में हो रही देरी से क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है और लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

# बिना मान्यता चल रहे 450 प्ले स्कूलों पर भड़की एनएसयूआई

## कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिस उम्र में मासूम बच्चों को सही दिशा और अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, उस उम्र में निजी स्कूल संचालक उनके भविष्य और सुरक्षा से सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। शहर में बिना किसी वैध मान्यता के धड़ल्ले से चल रहे प्ले स्कूलों के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने छात्रनेता अनुराग शुक्ला और शफी खान के नेतृत्व में अपर कलेक्टर राजीव मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपकर, जिले में सक्रिय शिक्षा माफियाओं और अवैध स्कूलों पर तत्काल तालाबंदी की मांग की है।

**आरटीआई से हुआ चौंकाने वाला खुलासा** - एनएसयूआई नेताओं ने बताया कि सूचना का अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार, जबलपुर में वर्तमान में 600 से अधिक प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं। बेहद चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से शासन द्वारा केवल 146 स्कूलों को ही वैध मान्यता मिली है। शेष 450 से ज्यादा प्ले स्कूल बिना किसी अनुमति, फायर सेफ्टी और जरूरी सुरक्षा मानकों के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चल रहे हैं। इन अमानक स्कूलों में 1.5 से 5 साल तक के मासूम बच्चे पढ़ रहे हैं, जिनकी सुरक्षा पूरी तरह दांव पर है।

### पोर्टल पर फर्जीवाड़ा और प्रशासनिक ढुलमुल रवैया

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि जिन 146 स्कूलों को मान्यता मिली है, उनमें भी बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कई स्कूल एक ही संस्था के नाम से शिक्षा विभाग के पोर्टल पर 6-6 बार पंजीकृत हैं। प्ले स्कूल के पंजीकरण की सरकारी फीस मात्र 2100 रुपए है, इसके बावजूद संचालक पंजीयन कराने से कतरा रहे हैं। विभाग द्वारा समय पर कड़ी कार्रवाई न किए जाने के कारण इन संचालकों के हौसले बुलंद हैं। ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश सचिव प्रतीक गौतम,अदनान अंसारी,अंकित शुक्ला,एजाज अंसारी,सैफ मंसूरी,अंकित कोरी,गौरव जायसवाल,युग ठाकुर,अनिकेत तिवारी,दक्ष रैकवार,वकार खान,रोहन राजपूत सहित सैकड़ो छात्र मौजूद थे।



# आरोह समर कैंप में बच्चे सीख रहे प्रोफेशनल खिलाड़ी बनने की तकनीक

## मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में हो रहा आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आरोह 2026 समर कैंप का आयोजन 1 मई से 15 जून तक किया जा रहा है। यह कैंप विधार्थियो के व्यक्तित्व विकास, खेल प्रतिभाओं की पहचान तथा उन्हें भविष्य के प्रोफेशनल खिलाड़ी के रूप में तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से बच्चों को योग, व्यायाम, फिटनेस और खेलों की बुनियादी जानकारी दी जा रही है। साथ ही नए खिलाड़ियों की पहचान कर उनकी स्क्रीनिंग, बॉडी कंपोजिशन और प्रदर्शन का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में खेल अकादमियों एवं चयन प्रक्रियाओं में सहायता मिल सके। कैंप में अभिभावकों की काउंसलिंग भी प्रस्तावित है, जिससे खिलाड़ी, परिवार और प्रशिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित हो सके।

**बच्चों में देखा जा रहा उत्साह**

राइट टाउन स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। रानी दुर्गावती रानीताल खेल परिसर में आर्चरी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, कराटे एवं वॉलीबॉल जैसी गतिविधियां संचालित हो रही है। यहां 6 से 8 खेलों के समर कैंप लगाए गए हैं। एमवीपी खेल परिसर में हैंडबॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवा भवन स्टेडियम में बास्केटबॉल, कुश्ती, कराटे और मलखंभ की गतिविधियां संचालित होंगी। मालपानी स्कूल परिसर में जूडो प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। वाईएमसीए ग्राउंड में फुटबॉल कैंप संचालित होगा। गांधी खेल परिसर में कबड्डी, एथलेटिक्स एवं आर्चरी की गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसे लेकर बच्चों में भारी उत्साह है।



## एक शाम कविता के नाम संध्या का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रसंग संस्था का 512वां आयोजन अभियान संस्था के साथ किया गया। एक शाम कविता के नाम संध्या का आयोजन नई मल्टी अनंतारा में किया गया। जिसमें जल बचाओ, पेड़ लगाओ, पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाओ आदि समसामयिक विषयों पर सभी विद्वानों ने अपने विचार रखें तत्पश्चात नगर के 51 रचनाकारों द्वारा उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि डॉ.अनामिका तिवारी रहीं अध्यक्षता अभियान के अध्यक्ष संजीव वर्मा शलिल ने की जबकि सारस्वत अतिथि निर्मला तिवारी निर्मल रही। शुभारंभ डॉ. विनीता पाण्डेय विनीत की सरस्वती वंदना से हुआ, वरिष्ठ कनिष्ठ रचनाकारों ने शानदार कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर विजय बागरी, डॉ.विजेन्द्र उपाध्याय, जय प्रकाश श्रीवास्तव, अर्चना मलैया, मीना भट्ट, पुरुषोत्तम भट्ट रजिया आशी, डॉ प्रशांत मिश्रा, सुभाष मणि बैरागी, प्रकाश ठाकुर गायत्री चौबे, सुबीर श्रीवास्तव, कृष्णा गोप ने शानदार प्रस्तुतियां दी। आयोजन का उत्कृष्ट संचालन प्रसंग के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन किया तथा संयोजन बसंत शर्मा ने किया, विशेष सहयोग मंजरी शर्मा का रहा।

## महाकौशल विश्वविद्यालय में एमआरएफ कंपनी का ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित

**जबलपुर।** महाकौशल विश्वविद्यालय में 23 मई को देश की अग्रणी टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ लिमिटेड द्वारा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर ऐठाखेड़ा, चारगवां रोड, तिलवारा में आयोजित होगी। कैंपस ड्राइव में पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक/बीई एवं स्नातक (बीए, बीकॉम, बीएससी) उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। कंपनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पुरुष अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 5.2 फीट एवं महिला अभ्यर्थियों की 5 फीट निर्धारित की गई है। साथ ही अभ्यर्थियों को कलर ब्लाइंडनेस नहीं होना चाहिए। इस ओपन कैंपस ड्राइव के लिए पंजीयन प्रक्रिया 18 मई से 22 मई तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने योग्य युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# पति के बाद इकलौते बेटे को भी खोया अब वृद्ध मां के भरण-पोषण पर संकट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पति के बाद इकलौते बेटे को भी खोकर अब जीवन यापन के लिए एक वृद्धा दर-दर भटकने मजबूर है। ऐसा ही एक मार्मिक मामला सामने आया जिसने अनुकंपा नियुक्ति के मूल उद्देश्यों और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर कानूनी व सामाजिक सवाल खड़े कर दिए हैं। हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के एक दिवंगत कर्मचारी के परिवार पर टूटे दुखों के पहाड़ और उसके बाद उपजे भरण-पोषण के संकट को लेकर सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है। पत्रकार वार्ता में पीड़ित वृद्धा ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड सोसायटी में कार्यरत एक कर्मचारी के निधन के बाद



वर्ष 2024 में उनके पुत्र दीपक कुमार पटेल को परिवार के आर्थिक सहारे के रूप में अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। पिता की मृत्यु के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी और बहन की शादी का भार दीपक के कंधों पर आ गया था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; 08 अगस्त 2025 को दीपक की अचानक मृत्यु हो गई, जिसने हंसते-खेलते परिवार को एक बार फिर गहरे संकट में डाल दिया।

पत्रकार वार्ता में मृतक दीपक की वृद्ध मां शकुन बाई पटेल ने आंखों में आंसू लिए बताया कि बेटे की असमय मृत्यु के बाद उनकी बहू (दीपक की पत्नी) अपने मायके जाकर रहने लगी हैं। अब मृतक दीपक के स्थान पर उनकी पत्नी के लिए अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच घर में अकेली रह गई वृद्ध मां शकुन बाई पटेल के भरण-पोषण और बुढ़ापे की देखभाल को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। उनके पास जीवनयापन का कोई दूसरा जरिया नहीं बचा है। सामाजिक संगठनों ने इस मामले में वृद्ध मां को न्याय दिलाने और भरण-पोषण की ठोस व्यवस्था करने की मांग की है।

# रुपयों की मांग कर युवकों पर चाकू से हमला

## माढ़ोताल और रांझी क्षेत्र में वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

माढ़ोताल और रांझी क्षेत्र में दो अलग-अलग वारदातों में असमाजिक तत्वों ने अवैध तरीके से रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर चाकूओं से हमला कर दिया। जिसमें दो युवकों को गंभीर चोटे आई है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि आईटीआई चुंगीनाका निवासी 20 वर्षीय अंकित खटीक बीती रात अपने साथी नकुल खटीक, राज पटेल व वरुण चौरसिया के साथ्ण मिलकर मोहल्ले में होने वाले शिव महापुराण के लिये चंदा इकट्ठा कर रहे थे। उसी समय माढ़ोताल निवासी अनूप व उसका साथी पहुंचे और पूछने लगे कितना चंदा हुआ, जैसे ही अंकित ने कहां कुछ भी नहीं हुआ और तुम्हें क्या मतलब, इसी बात पर अनूप ने रुपयों की मांग करते हुए मारपीट शुरु कर दी। विरोध करने पर चाकू से हमला कर अंकित के हाथ में चोट पहुंचा दी।

इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि साई विहार में रहने वाला 20 वर्षीय साहिल कोल अपने रिश्ते के भाई पंकज के साथ चाबी लेने सूजल रैकवार के घर गया था। वहां से वापस आते समय उन्हें रास्तें में नमन रैकवार व अनुज कोल मिले, जिन्होंने पंकज से एक हजार रुपयों की मांग शुरु कर दी। उन्होंने रुपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी, इसी बीच नमन ने चाकू से हमला कर साहिल के दोनों पैरों की जांघ में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने उक्त दोनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## हत्या करने वाले 3 आरोपियों को दबोचा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना गोहलपुर अंतर्गत समता कॉलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी रितेश पांडे, एएसआई इमरान खान, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, आरक्षक आलोक यादव, गोपाल राय, अभिरंजन सिंह, समरेन्द्र सिंह, दिनेश, अमित और हरेन्द्र की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

# आम के विभिन्न व्यंजनों से महक उठा परिसर

## सेम सीनियर सिटीजन क्लब में 14वीं मैंगो क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

साउथ एवेन्यू मॉल में कहीं आम के कटलेट और पुडिंग की खुशबू बिखरी थी, तो कहीं आम की बर्फी, केक और आम के पत्तों से की गई आकर्षक सजावट हर किसी को अपनी ओर खींच रही थी। यह अनूठा और स्वादिष्ट दृश्य सेम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा जादूगर एस. के. निगम के संयोजन में आयोजित 14वीं मैंगो क्वीन प्रतियोगिता का था। इस अनूठी प्रतियोगिता में क्लब के 30 से अधिक सदस्यों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया और आम के कई बेहतरीन पकवान बनाकर अपनी पाक-कला का



प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर सिटीजंस ने आम का अचार, पना, हलुआ, केक, कटलेट, बर्फी, अमावट, आम के लड्डू, लस्सी, पराठा और खीर जैसे कई पारंपरिक व आधुनिक व्यंजन प्रदर्शित किए। इनमें से आरती जायसवाल, अलका गर्ग और प्रभा नायडू द्वारा तैयार की गई डिशेज ने ड्राई फ्रूट्स के नए व अनोखे स्वाद से सभी को बेहद प्रभावित किया।

व्यंजनों के साथ-साथ यहाँ की सजावट भी लाजवाब थी, जहाँ समन्वयक जसवीर चौपड़ा और प्रभा बच्चन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजकुमारी रैकवार, लक्ष्मी राजपूत, उर्मिला श्रीवास्तव, अनीता अहूजा, मेहंदीदत्ता, रचना सक्सेना, सुनीता शुक्ला, सुनीता चौहान, पूनम सेठी और पुष्पा श्रीवास्तव ने आम के पत्तों से खूबसूरत डेकोरेशन कर पूरे परिसर का मन मोह लिया।

इस स्वाद और कला से भरपूर प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका राजेश और रश्मि पाठक ने निभाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि प्रभा नायडू और पंकज विद्यार्थी के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बारिश से पहले पूर्ण करें निर्माण कार्य : कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की एक विस्तृत समीक्षा बैठक कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें अधिकारीयों को विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए गए । बैठक के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्थाओं पर सुचारू कार्य करने, स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में आंगनबाड़ियों, विद्यालयों और छात्रावासों में बेहतर साफ-सफाई , सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था करने और नाडेफ का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

# आवारा कुत्ते ने दो मासूम बहनों पर किया हमला, मां की बहादुरी से बची जान

## पाटन के ग्राम आगासौद की घटना, मासूमों की हालत गंभीर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन क्षेत्र के आगासौद गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक आवारा कुत्ते ने घर में घुसकर दो मासूम सगी बहनों पर जानलेवा हमला कर दिया। कुत्ते ने जहां 3 साल की मासूम को बुरी तरह नोच डाला, वहीं ढाई महीने की दुधमुंही बच्ची को जबड़े में दबोचकर भागने की कोशिश की। हालांकि, बच्चों की मां ने अदम्य साहस और हिम्मत दिखाते हुए अकेले ही खूंखार कुत्ते से लोहा लिया और दोनों बच्चियों को मौत के मुंह से खींच लाईं।

**घर में खेल रही बच्चियों पर अचानक हमला-** जानकारी के अनुसार, आगासौद गांव में तीन वर्षीय प्राची अपने घर पर खेल रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक घर के भीतर घुस आया और प्राची पर हमला कर उसे बुरी तरह नोचना शुरू कर दिया। मासूम की चीख-पुकार सुनकर मां तुरंत मौके पर दौड़ी और बच्ची को बचाने का प्रयास करने लगी।

**ढाई महीने की बच्ची को जबड़े में दबाकर भागा** - मां अभी प्राची को संभाल ही रही थी कि तभी खूंखार कुत्ते ने पास ही मौजूद ढाई महीने की मासूम पूर्वी पर हमला कर दिया। कुत्ता पूर्वी को अपने जबड़े में दबोचकर बाहर की तरफ भागने लगा। यह देख मां ने आपा खोए बिना हिम्मत दिखाई और दौड़कर कुत्ते का पीछा किया। मां की जांबाजी के आगे आखिरकार कुत्ते को झुकना पड़ा और वह बच्चियों को छोड़कर भाग निकला।





**अस्पताल में भर्ती, हालत चिंताजनक** - इस हमले में दोनों बच्चियों के शरीर पर गहरे और गंभीर घाव आए हैं। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने दोनों घायल बच्चियों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

इस घटना के बाद से पूरे आगासौद गांव और आसपास के इलाके में भारी दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और महिलाओं का घर से निकलना भी दूभर हो गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत यात्रियों को किया गया जागरूक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल द्वारा दिनांक 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विशेष जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह, पिपरिया सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर यात्रियों को कचरे के पृथक्करण एवं उसके उचित निष्पादन के प्रति जागरूक करने हेतु पम्पलेट्स वितरित किए गए। अभियान के माध्यम से यात्रियों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने, स्वच्छ स्टेशन बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।

# संग्रहालय देश की सभ्यता, संस्कृति कला और इतिहास के संरक्षक

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए महाकौशल की ऐतिहासिक विरासत और संग्रहालयीय महत्व विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को महाकौशल अंचल की समृद्ध पुरातात्त्विक, सांस्कृतिक एवं संग्रहालयीय धरोहर से परिचित कराते हुये बताया कि महाकौशल क्षेत्र केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के प्राचीन विकास का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। नर्मदा घाटी के हथनौरा क्षेत्र से प्राप्त प्राचीन मानव अवशेष 'नर्मदाकेसिस' मानव विकास क्रम की अमूल्य धरोहर हैं। रूपनाथ का अशोक शिलालेख, तेवर एवं ककरेहटा के पुरातात्त्विक उत्खनन, बिलहरी एवं नरसिंहपुर के कलचुरीकालीन अवशेष,



तिगवा का गुप्तकालीन विष्णु मंदिर तथा राम वन गमन पथ से जुड़े सांस्कृतिक साक्ष्य इस क्षेत्र की ऐतिहासिक निरंतरता को प्रमाणित करते हैं। संग्रहालय किसी भी देश की सभ्यता, संस्कृति, कला और इतिहास के संरक्षक होते हैं।

प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी ने संग्रहालयों को अतीत और वर्तमान के मध्य संवाद का जीवंत सेतु बताते हुए कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय संग्रहालय में संरक्षित ये धरोहरें हमारी ऐतिहासिक चेतना की अमूल्य निधि हैं। आधुनिक युग में तकनीक तेजी से बदल रही है, लेकिन संग्रहालय हमारी पहचान और विरासत को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। विज्ञान संग्रहालय, कला संग्रहालय और ऐतिहासिक संग्रहालय बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान का खजाना हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा के साथ महाविद्यालय के लगभग 48 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 19 मई 2026



# हम में है दम: का निकला दम, हाथों में लगी हथकड़ी

## हिमांशु जैन को न्यायालय में पेश कर पुलिस ने लिया रिमांड

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

सोशल मीडिया पर हम में है दम, सच्चाई को सामने लाने का कहकर खुद को ईमानदार पत्रकार बताने वाला तथाकथित पत्रकार हिमांशु जैन अब गंभीर आपराधिक मामले में पुलिस गिरफ्त में है। बिरसा थाना पुलिस ने हिमांशु जैन और उसके साथी विजय चौधरी को व्यापारी से लूटपाट, मारपीट और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर सोमवार को बैहर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही हैं। वहीं अब यह मामला तूल पकड़ते जा रहा है, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने भी कड़ा रूख अपनाया और अपत्ती जर्द कराते हुए जिला प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



पुलिस के अनुसार, मवेशी व्यापारी संतोष गौतम अपने साथी बलिराम साहू और मजदूरों के साथ दमोह हाट बाजार जा रहा था। तभी ग्राम कनिया मेन रोड पर पहले से मौजूद हिमांशु जैन, विजय चौधरी, भूरा और निखिल ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने खुद को बजरंग दल से जुड़ा बताते हुए व्यापारी के साथ मारपीट की और चाकू की नोक पर 70 हजार रुपये लूट लिये। साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

मामले में बिरसा थाना प्रभारी रेवल सिंह बरड़े ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। हिमांशु जैन और विजय चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

विभाग मंत्री पंकज बिसेन सिवनी निवासी ने कहा कि मुझे विडियों के माध्यम से जानकारी मिली की बजंरग दल के लोगों ने पैसे लेकर मवेशी को छोड़ दिया है। मैं बैहर व जिला क्षेत्र की जनमानस को और जिला प्रशासन के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से निवेदन हैं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का कोई भी कार्यकर्ता पैसा लेकर गौ रक्षा नहीं करता है। कुछ ऐसे अपवाद लोग बजरंग दल का नाम लेकर उगाही करते या गौ रक्षा के नाम पर पैसे मांग कर पशु छोड़ देगें, ना तो पैसा लेकर गौ रक्षा होती हैं और ना ही पैसा लेकर गौ रक्षा करते है। हम पुलिस प्रशासन के सहयोग से गौ रक्षा करते है लेकिन ऐसे लोग पैसा लेकर गौ रक्षा करते हैं तो हमें और पुलिस प्रशासन को आम नागरिक जानकारी दे, मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि जीन लोगों ने सगंठन का नाम लेकर ऐसा कृत्य किया हैं उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

मनीष दिक्षीत विहिप बैहर जिलाध्यक्ष ने कहा कि जानकारी मिली की कुछ लोग बजरंग दल का नाम लेकर पैसा उगाही कर रहें है, बजरंग दल का कोई भी कार्यकर्ता पैसा लेकर गौ रक्षा नहीं करता है। और जो इस मामले में लिप्त है जो बजरंग दल से जुड़े नहीं है जिन्होने ऐसा संगठन को बदनाम करने की कोशिस की है ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन कठोर कार्यवाही करें।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय आरोग्य भारती ईकाई उमरिया द्वारा कार्यशाला सम्पन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



रविवार दिनांक 17 मई को होटल रॉयल आनंदा में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया |उक्त कार्यक्रम 3 सत्रों में हुआ जिसमें कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कार्यशाला का शुभारंभ भगवान धनवंतरी जी एवम् मां भारती की फोटो चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरी स्तवन कर किया गया जिसे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, मुख्य वक्ता भोला नाथ, डॉ अमिता सक्सेना एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय अग्रवाल विभाग संघ चालक, विभाग शहडोल, अनीता मिश्रा सह सचिव आरोग्य भारती, महाकौशल प्रांत, धनुषधारी सिंह उपाध्यक्ष बीजेपी, रावेंद्र सिंह आरोग्य भारती ईकाई उमरिया के मार्गदर्शक जिला इकाई उमरिया के अध्यक्ष पुष्पेंद्र द्विवेदी, सचिव डॉ के सी सोनी, उपाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह सहित समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे। तदोपरांत जिला इकाई उमरिया महिला प्रमुख श्रीमती प्रणाली पेशे द्वारा मेडिटेशन कराते हुए मन को शांत एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का संदेश दिया गया। पश्चात डॉ अमिता सक्सेना द्वारा गर्भसंस्कार पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कैसे शिशु को गर्व से ही ज्ञान बुद्धि विकाश प्रारंभ हो जाता है यदि माता का गर्भावस्था के दौरान मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य,पारिवारिक वातावरण, खान-पान, आराधना, मंत्रोचार यदि विधिवत हो तो जनित शिशु बुद्धिमान ,कीर्तिमान, संस्कारिक होता है। अगले सत्र में भोला नाथ जी द्वारा स्वस्थ ग्राम योजना पर बृहद, गूढ़, उपयोगी जानकारी दी और बताया पुरुषार्थ तभी विद्यमान एवम प्रतीत होता है जब व्यक्ति स्वस्थ होता है साथ ही गांव को हरा,भरा, पर्यावरण, स्वास्थ्य व्यवस्था, समरसता, कुटुंभ प्रबोधन ईत्यादि एक स्वस्थ ग्राम की पहचान होती है बृहद रुप से अवगत कराया, साथ ही अनीता मिश्रा जी ने आरोग्य भारती के उद्देश्य, योजना,आयाम,इत्यादि से जनमानस एवम् सदस्यों को ज्ञानित किया। विजय अग्रवाल जी ने भी वर्तमान संघ और पूर्व के अपने सेवाकाल का अनुभव बताया एवं आरोग्य भारती की राष्ट्र के प्रति उपयोगिता ,योगदान,राष्ट्रप्रेम को भी बताया। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में जिला इकाई उमरिया के 25 नवीन सदस्यों की घोषणा, एवं तीनों ब्लॉक स्तर के स्वस्थ ग्राम योजना के दायित्ववान सदस्यों की घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम की समाप्ति शांति पाठ के साथ की गई। उक्त कार्यक्रम की सफल आयोजन में समस्त सदस्य उपस्थित रहे इनमें सदस्य बादल सिंह, अनुराग तिवारी एवं सभी विद्यमान सम्मानित सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# शिकार के लिए करंट बिछाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी थाना क्षेत्र के महदुली गांव में 27 मार्च को एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। गांव के खेतों के बीच पौनियां मार्ग पर जंगली सूअर का शिकार करने के लिए करंट बिछाया गया था। जिसकी चपेट में आने से महदुली गांव का 08 वर्षीय बालक योग राहंगडाले घायल हो गया था। बालक को तब तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया था यहां जिला अस्पताल बालाघाट और फिर नागपुर ले जाया गया, जहां करीब एक माह तक उसका उपचार चला। इस दौरान एम्स में डॉक्टरों को उसका एक हाथ बचाना संभव नहीं हो पाया और हथेली काटनी पड़ी। वर्तमान में उसका इलाज बालाघाट में जारी है। योग के पिता संतोष राहंगडाले ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। बेटे के इलाज में अब तक बहुत अधिक खर्च हो चुका है। विधायक के प्रयासों से राज्य सरकार से कुछ आर्थिक मदद मिली है, लेकिन पूर्ण उपचार के लिए अब भी पैसों की आवश्यकता है। संतोष का कहना है कि हम गरीब लोग हैं, खेती-बाड़ी से ही जीवन चलता है। बेटे के इलाज में जितना खर्च हो रहा है, उतना जुटाना हमारे लिए असंभव है। सरकार से मदद मिली है, लेकिन अभी भी बहुत खर्च बाकी है। योग राहंगडाले की जिंदगी अब पहले जैसी नहीं रहेगी। एक हाथ की हथेली कट जाने के बाद उसका भविष्य प्रभावित होगा। पड़ाई, खेलकूद और सामान्य जीवन में उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। घटना के बाद कटंगी पुलिस ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अनिल चौके, आरक्षक नीरज तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने लगातार प्रयास किया। करीब सवा माह बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में संजय उर्फ संजु पिता मंशाराम मर्सकोले (उम्र 35 वर्ष), सचिन पिता झाडूलाल अड़माचे (उम्र 40 वर्ष) दोनों आरोपी महदुली गांव के निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 125 (ए) और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 138 के तहत कार्रवाई की है।

# बावनथड़ी नदी में बनी अस्थाई सड़क पानी में बही

## यात्री बसों और माल वाहक वाहनों की आवाजाही फिर से हुई बंद

कटंगी(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित बावनथड़ी नदी पर निर्मित पुल एक बार फिर सुर्खियों में है। राजीव सागर बांध से छोड़े गए पानी ने बावनथड़ी नदी के भीतर बोनकट्टा में बनी अस्थाई सड़क को बहा दिया। इसके चलते दो राज्यों के बीच भारी वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। ट्रक, यात्री बसें और मालवाहक वाहन अब इस मार्ग से नहीं गुजर पा रहे हैं। रविवार की देर रात यह अस्थाई सड़क पानी में बह गई। सोमवार की सुबह 06 जब ग्रामीण पहुंचे तो सड़क दो अलग-अलग हिस्सों में पानी के साथ बह गई थी। दरअसल, बोनकट्टा गांव के पास बावनथड़ी नदी पर मुख्य सड़क मार्ग पर बना पुल वर्षों से जर्जर हालत में है। सुरक्षा कारणों से तत्कालीन भंडारा कलेक्टर संदीप कदम ने 22 सितंबर 2020 (करीब 06 वर्ष) से इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया है तब से लेकर अब तक पुल से भारी वाहनों की आवाजाही बंद है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही



है। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने पुल निर्माण के लिए 96 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। ठेकेदार ने काम शुरू भी कर दिया है, लेकिन निर्माण कार्य कच्छप गति से चल रहा है। हर बरसात में नदी का पानी अस्थाई मार्ग को बहा ले जाता है और यातायात ठप हो जाता है। खैर, अभी गर्मी के सीजन में आवागमन बंद हुआ है। वजह है भीषण गर्मी और लगातार बड़ते पेयजल संकट के बीच रविवार 17 मई को राजीव सागर बांध के केंद्रीय जल-निकास मार्ग (सेंट्रल स्पिलवे) के गेट क्रमांक 3 और 4 को 30 सेंटीमीटर तक खोलकर 55.39 क्यूसेक जल बावनथड़ी नदी में प्रवाहित किया गया। यानी 55390 लीटर प्रति सेंकड की दर से पानी नदी में छोड़ा गया है यह पानी रविवार की देर रात बोनकट्टा तक पहुंचा और यहां नदी के भीतर बनी अस्थाई सड़क को बहा कर ले गया। बावनथड़ी नदी पर पुल निर्माण केवल एक परियोजना नहीं है, बल्कि यह दो राज्यों के बीच व्यापार और जनजीवन की धड़कन है। हर बरसात में अस्थायी सड़क बह जाना और यातायात ठप होना अब एक वार्षिक संकट बन चुका है। इस मामले में मध्य प्रदेश राज्य के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी स्पष्ठ दिखाई देती है। जनप्रतिनिधि महाराष्ट्र के अधीन पुल होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए नजर आते है। जबकि महाराष्ट्र में भी भाजपा की ही सरकार है। महाराष्ट्र सरकार की 96 करोड़ रुपये की मंजूरी के बावजूद काम की धीमी रफ्तार जनता के धैर्य की परीक्षा ले रही है। ट्रक, बसें और मालवाहक वाहन रुकने से किसानों, व्यापारियों और यात्रियों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं है, बल्कि सामाजिक असुविधा भी है। जनता का गुस्सा अब दोनों ही राज्यों के शासन और ठेकेदार दोनों पर है। लोग मानते हैं कि यदि काम में तेजी नहीं लाई गई तो आंदोलन और विरोध की स्थिति पैदा हो सकती है। कुछ महीनों बाद फिर से बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा और वही संकट फिर दोहराया जाएगा।

## जंगली सुअर के हमले से घायल ग्रामीण की मौत

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)** । कटंगी क्षेत्र के ग्राम कटेधरा निवासी 50 वर्षीय लखनलाल पिता दामाजी नेवारे की जंगली सुअर के हमले में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि 11 मई की सुबह गांव के पास जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया था, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद गांव के राजेश बोरीकर ने घायल लखनलाल को जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया था। पत्नी संगीता ने बताया कि वर्ष 1999 में शादी के बाद उनके तीन बच्चे हुए, लेकिन लखनलाल शराब की लत के कारण परिवार से अलग रहने लगे थे। इसी वजह से पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई थी और लखनलाल गांव में अकेले रहते थे। जिला अस्पताल में एक सप्ताह तक उपचार चलने के बाद 18 मई को उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां शाम करीब 5 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## नहर टोला में तेंदुए की आमद से दहशत, पालतू श्वान को किया घायल

**कटंगी(स्वतंत्र मत)** । वन परिक्षेत्र कटंगी के समतपुरी बीट और सिवनी जिले के अरी बफर जोन के बीच बसे नहर टोला गांव के ग्रामीणों की रातें अब डर के साए में गुजर रही हैं। पिछले छह माह से लगातार तेंदुए की आमद गांव में देखी जा रही है। रविवार की रात को यह वन्य प्राणी गांव में घुस आया और ग्रामीण महेश उइके के पालतु श्वान पर हमला कर उसे घायल कर दिया। तेंदुए की आमद से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। लोग रात में घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। बच्चों और महिलाओं को लेकर परिवारों में भय का माहौल है। खेतों और जंगलों में काम करने वाले किसान भी अब सतर्कता बरत रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना रात में ही वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। केवल चौकीदार को भेज दिया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि वन विभाग की लापरवाही से गांव में खतरा बड़ रहा है। ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए वन विभाग से तेंदुए को रेस्क्यू कर उसके प्राकृतिक आवास यानी घने जंगल में छोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि वन्य प्राणी को जल्द नियंत्रित नहीं किया गया तो किसी बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# लापता किशोर का शव जंगल में मिला, मानपुर पुलिस ने संदिग्धों को लिया हिरासत में

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मानपुर थाना क्षेत्र में पिछले चार दिनों से लापता किशोर मयंक चौधरी का शव सोमवार 18 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल से बरामद किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कुछ संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मयंक चौधरी 15 वर्ष, निवासी लाल नगर कैमोर, जिला कटनी, अपने रिश्तेदारों के यहां मानपुर घूमने आया था। 14 मई की शाम लगभग 3.30 बजे वह अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसी दिन मानपुर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को सिगुड़ी मोड़ के आगे ज्वालामुखी के जंगल में मयंक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही



मानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेंदूपत्ता संग्रहण बना ग्रामीणों की आजीविका का मजबूत आधार

## बालाघाट जिले में लाखों लोगों को मिल रहा रोजगार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिला अपने घने जंगलों और समृद्ध वन संपदा के लिए पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। प्रकृति के इस अनमोल उपहार के कारण जिले में विभिन्न प्रकार की वनोपज ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख साधन बनी हुई है। इन्हीं वनोपजों में तेंदूपत्ता संग्रहण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो जंगलों के समीप रहने वाले हजारों परिवारों को रोजगार और आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 में बालाघाट जिले के लिए कुल 75 हजार 529 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर सामान्य वन मंडल एवं दक्षिण सामान्य वन मंडल की तेंदूपत्ता संग्रहण समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उत्तर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत संचालित 30 तेंदूपत्ता संग्रहण समितियों को 46 हजार 217 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। वहीं दक्षिण सामान्य वन मंडल की 29 तेंदूपत्ता संग्रहण समितियों को 29 हजार 312 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 04 हजार रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है, जिससे संग्राहकों को उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक प्राप्त हो सके। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के माध्यम से जिले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। उत्तर वन मंडल में 01 लाख 32 हजार 958 लोगों को तथा दक्षिण वन मंडल में 01 लाख 01 हजार 706 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इस प्रकार जिले में कुल लगभग 02 लाख 34 हजार 664 लोग तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण न केवल रोजगार का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संग्रहण कार्य से प्राप्त आय से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार आ रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य लोगों को वनों की सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति भी जागरूक करता है। जब ग्रामीणों की आजीविका जंगलों से जुड़ती है, तब वे वन संरक्षण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनते हैं। यही कारण है कि तेंदूपत्ता संग्रहण पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा के संवर्धन में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। बालाघाट जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण गतिविधि रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास का एक सफल उदाहरण बनकर उभर रही है, जिससे हजारों परिवारों के जीवन में खुशहाली और स्थायित्व आ रहा है।

# गांवों में फैलता शराब का जाल..!

## अवैध पैकारी, ओवर रेट बिक्री एवं युवाओं पर बढ़ते दुष्प्रभाव से ग्रामीण चिंतित

मानपुर (स्वतंत्रमत)

जिले के ग्रामीण अंचलों में शराब की अवैध बिक्री और ओवररेट वसूली को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद सामने आया है। जिले के ताला एवं कंपोजिट दुकान अमरपुर से संचालित शराब कारोबार पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकानों के संचालकों द्वारा गांव-गांव एजेंटों के माध्यम से खुलेआम पैकारी करवाई जा रही है। नियमों को दरकिनार कर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाए जाने से सामाजिक वातावरण लगातार प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर शराब की बोतलों पर अंकित निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई गांवों में देर रात तक शराब की अवैध बिक्री हो रही है, जिससे युवाओं में शराब की लत तेजी से बढ़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार कम उम्र के युवक भी आसानी से शराब तक पहुंच बना रहे हैं, जिसके कारण परिवारों




में विवाद, आर्थिक समस्याएं और सामाजिक असंतुलन जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गांवों में बढ़ती शराबखोरी का सबसे ज्यादा असर युवाओं के भविष्य पर पड़ रहा है। पढ़ाई और रोजगार की ओर ध्यान देने के बजाय कई युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है कि यदि समय रहते अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो ग्रामीण समाज में अपराध, घरेलू हिंसा और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। मामले को गंभीर मानते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गांवों में हो रही अवैध पैकारी पर तत्काल रोक लगाई जाए, ओवररेट शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा इस कार्य में संलिप्त जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाए। जहां लोगों का मानना है कि गांव - गांव एवं मोहल्ले - मोहल्ले में अवैध मदिरा के दुकान एवं बाजार संचालन रहने से क्षेत्र के छोटे बच्चों एवं गरीब परिवार के सदस्यों को सरलता से सोमपान की ब्यवस्था होना जाया करती है, जिसके आदतन से गरीबों में कंगाली और बच्चों में अशिक्षा एवं क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विवाद, समाज में आपसी मतभेद, दुरघटना जैसे समस्याओं के कारण बनते रहना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकानों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, गांवों में अवैध रूप से शराब पहुंचाने वाले नेटवर्क पर कार्रवाई हो तथा युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए।

## दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में सात युवक घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मंसूरी पेट्रोल पंप के पास शनिवार 16 मई को रात लगभग 9 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार सात युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को डायल 112 की सहायता से जिला अस्पताल उमरिया पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन रघुवंशी, राजाराम, मुन्ना एवं भोलेनाथ कटनी से उमरिया की ओर आ रहे थे। इसी दौरान धनवाही क्षेत्र की ओर से दूसरी बाइक पर सवार आजाद बर्मन, सुमित प्रजापति और साहिल बर्मन उमरिया की तरफ आ रहे थे। मंसूरी पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई।

# प्रत्येक नागरिक को सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए सेवा कार्यों में निभानी होगी सक्रिय भागीदारी : सुरेंद्र सिंह

मण्डला (स्वतंत्रमत)।





जिले के कलेक्ट्रेट रोड स्थित झंकार भवन परिसर में रविवार को एक भव्य सम्मान समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति समाजसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। इस आयोजन के मुख्य अतिथि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के वीर सैनिक एवं पूर्व एनएसजी कमांडो सुरेंद्र सिंह रहे जिनका मंडला आगमन जिलेवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता स्वास्थ्यकर्मी पत्रकार विद्यार्थी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक हिन्दू जागरण मंच प्रांत संगठन मंत्री अम्मा लाल पटैल, वैदिक गुरुकुल के आचार्य भीमदेव जी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति जायसवाल, समाजसेवी डॉ. समीर साहू, अधिमान्य पत्रकार नीरज अग्रवाल, भागीरथ सेवा विकास परिषद जिला अध्यक्ष डॉ. अजय वंशकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल सरकारों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक को सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की अपील करते हुए कहा कि अनुशासन देशभक्ति और समाजसेवा ही जीवन की वास्तविक पूंजी हैं।

उन्होंने 26/11 हमले के दौरान अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में लगे सैनिकों का सम्मान केवल शब्दों से नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाकर किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवा की भावना तेजी से विकसित हो रही है जो देश के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है जिले के लोगों की आत्मीयता और सामाजिक जागरूकता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग सामाजिक सरोकारों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। वही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक हिन्दू जागरण मंच प्रांत संगठन मंत्री अम्मा लाल पटैल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए धर्म समाज और हिन्दूत्व के लिए हर आदमी को अपने स्तर से काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे हर गरीब जरूरतमंदो की अपने स्तर से मदद करें। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज तभी सशक्त होगा जब लोग आपसी सहयोग और सेवा भावना के साथ आगे आएंगे।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन भी किया गया शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड ग्रुप जांच, ब्लड प्रेशर परीक्षण, शुगर जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए उपस्थित चिकित्सकों ने लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले लोगों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय वंशकार ने कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए पिछले कई दिनों से लगातार बैठकें आयोजित की जा रही थीं महाराजपुर स्थित स्वंयसिद्ध पैरामेडिकल कॉलेज में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई थी उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाजसेवा स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रभक्ति जैसे विषयों को एक मंच पर लाना था जिसमें आयोजन पूरी तरह सफल रहा डॉ. अजय वंशकार ने बताया कि मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह 16 मई की देर रात मंडला पहुंचे थे रात्रि विश्राम के पश्चात उन्होंने सुबह ऐतिहासिक नगरी रामनगर का भ्रमण किया। जिले के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से मुलाकात की तथा जिले की सामाजिक गतिविधियों और जनसमस्याओं की जानकारी ली उनके आगमन को लेकर युवाओं एवं समाजसेवियों में विशेष उत्साह देखा गया कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में समाज को ऐसे प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की आवश्यकता है जो युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकें। पूर्व एनएसजी कमांडो सुरेंद्र सिंह का जीवन संघर्ष अनुशासन और राष्ट्रसेवा का उदाहरण है जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने आयोजकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की कार्यक्रम के दौरान कई सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां भी दी गईं जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। आयोजन स्थल पर युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गर्मी में लू से बचने एडवाइजरी

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

गर्मी के दिनों में अधिक समय तक धूप में रहने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लू लगने पर तेज सिरदर्द चक्कर आना, प्यास अधिक लगना, शरीर में पानी की कमी, आंखों में जलन, बुखार, त्वचा लाल होना, उल्टी, सांस फूलना, बेचैनी तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। लोग बाहर निकलते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें सिर और कान को कपड़े या टोपी से ढकें तथा छाता और चश्मे का उपयोग करें। घर से निकलने से पहले पर्याप्त पानी पीकर निकलें और दिनभर अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें। तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचें और अपने साथ पानी अवश्य रखें। बच्चों बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को गर्मी से विशेष रूप से बचाने की सलाह दी गई है। उन्हें बेवजह धूप में न जाने दें, समय-समय पर पानी पिलाएं तथा ठंडे फल एवं तरल पदार्थों का सेवन कराएं। अधिक समय तक धूप में श्रम कार्य करने से बचें। यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर लिटाकर कपड़े ढीले करें और ठंडे पानी से शरीर को ठंडा करें। होश में आने पर उसे ठंडे पेय पदार्थ या कच्चे आम का शरबत दिया जा सकता है। गंभीर स्थिति या बेहोशी होने पर तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा को बुलाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं।

## सकोरे अभियान अच्छी पहल

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

भीषण गर्मी के चलते चलाए गए सकोरे अभियान की प्रशंसा करते हुए संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत में अपने उद्बोधन में संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन की सार्थकता तभी है जब हमारे द्वारा एक भी जीव का जीवन बसता है तो मनुष्य का सबसे सार्थक पुण्य माना जाएगा। इस अवसर पर अभियान के प्रेरक राजेश क्षत्री को उन्होंने बधाई देते हुए कहा इस अभियान को जल संरक्षण अभियान के माध्यम से गांव-गांव में प्रत्येक पंचायत में अभियान को प्रेषित करने पूर्ण करने का आश्वासन उन्होंने दिया।

## जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहयोग से नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम पंचायत कन्हरगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कन्हरगांव सरपंच श्रीमती तारा सूरेखिया, सचिव श्रीमती सपना सरोते, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सचिव शिवशंकर दुबे, पोस्टमास्टर, आंगनवाड़ी सहायिका रुचि पटेल, समूह सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पेसा मोबलाइजर्स की सेवा समाप्त

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश के पेसा क्षेत्रों में कार्यरत ग्राम पंचायत पेसा मोबलाइजर्स की सेवाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जिला पंचायतों को भेजा गया है। आदेश झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, मण्डला, डिण्डौरी, अनूपपुर, धार, खरगोन, रतलाम, खण्डवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सीधी, शहडोल, उमरिया एवं श्योपुर जिलों के लिए जारी किया गया है जारी निर्देशों में बताया गया है कि पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित आरजीएसए (संशोधित) योजना 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील थी। योजना की बजट कंडिका 6(1) के अंतर्गत पेसा मोबलाइजर्स के मानदेय का प्रावधान किया गया था। चूंकि यह योजना 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुकी है और इसके नए स्वरूप को लेकर भारत सरकार स्तर पर नीति निर्धारण की प्रक्रिया जारी है इसलिए वर्तमान स्थिति में ग्राम पंचायतों के माध्यम से चयनित ग्राम सभा मोबलाइजर्स की सेवाएं जारी रखना संभव नहीं है पत्र में जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित ग्राम पंचायतों को पेसा मोबलाइजर्स को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त करने के लिए सूचित करें तथा कार्रवाई पूरी होने के बाद इसकी जानकारी विभाग को उपलब्ध कराएं आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार से भविष्य में कोई नए निर्देश प्राप्त होने पर उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गत दिवस देश के सुप्रसिद्ध साहित्यिक समूह आराधिका साहित्यिक सांस्कृतिक समूह ने 67 वीं ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित कर साहित्य रस को बरसा दिया संयोजन डा निधि बोदरा द्वारा किया गया वाणी वंदना आशा बिसारिया ने की कार्यक्रम तीन सत्रों में चला प्रथम सत्र संचालन डॉ अनिता बाजपेयी ने किया मनोज मंजुल,ओज कवि, किरण यादव,डॉ.संजू त्रिपाठी, शकुन्तला श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव ,सुमन मेहरोत्रा, हेमन्त सक्सेना, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, पुष्पलता शर्मा रवेन्द्र पाल सिंह रसिक, शांति सोनी, प्रेमलता पुष्पेश, इंजी प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव प्रणय, डॉ ओम ऋषि भारद्वाज ने किया।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आरंभ

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडला में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ किंगफिशर होटल में किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग 18 व 19 मई का हो रहा है जिसमें जिलेभर से आए लगभग 130 अपेक्षित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण तिलक वंदन एवं पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया तथा सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता उद्देश्य एवं संगठन में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र एवं प्रथम सत्र में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर उद्बोधन देते हुए मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं विकास कार्यों एवं गरीब किसान, महिला और युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं द्वितीय सत्र में कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने हमारा सैद्धांतिक प्रतिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। तृतीय सत्र में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कटनी पीतांबर टोपनानी ने हमारी कार्य पद्धति विषय पर संबोधित किया। चतुर्थ सत्र में डिंडौरी जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय साहू ने हमारा विचार परिवार विषय पर अपने विचार रखे। पंचम सत्र में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यकर्ता विकास एवं अपेक्षाएं विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। छठवें सत्र में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने हमारा इतिहास एवं विकास विषय पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। सातवें एवं अंतिम सत्र में रतन ठाकुर ने कार्य विस्तार विषय पर उद्बोधन देते हुए संगठन विस्तार नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने एवं बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश जैन एवं नरेश चंद्रोल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी एवं डिंडौरी के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने प्रशिक्षण अभियान का मार्गदर्शन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बालकृष्ण खंडेलवाल, रोचीराम गुरवानी, विजेंद्र सिंह कोकड़िया, पूर्व मंत्री देवसिंह सैयाम, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, पूर्व विधायक शिवराज शाह, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, डॉ. विजय आनंद मरावी सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तकनीकी कौशल पर छात्रों का प्रशिक्षण



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पीएम श्री शासकीय रानी अवंती बाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय द्वारा छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षा शाखा के अंतर्गत अध्ययनरत सूचना प्रौद्योगिकी विषय की छात्राओं हेतु कार्यस्थल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो 2 मई से 30 मई तक नाइस कम्प्यूटर संस्थान में संचालित हो रहा है। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समग्र शिक्षा अभियान तथा राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा परियोजना के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान करना है ताकि वे भविष्य में रोजगार स्वरोजगार और आधुनिक तकनीकी क्षेत्र की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जयलक्ष्मी सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को आधुनिक तकनीकी विषयों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन नाइस कंप्यूटर संस्थान के प्रमुख अजय खोत एवं मलय दुबे द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार, बैंकिंग तथा संचार सहित अनेक क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में व्यावसायिक शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती दिव्या पाठक का योगदान रहा है।

# दस्तावेज सुधार के लिए हो रहे परेशान

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।




नारायणगंज विकासखंड आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। बेरोजगारी पलायन और शिक्षा की कमी के बीच अब सरकारी दस्तावेजों की जटिल प्रक्रिया ग्रामीणों के लिए नई परेशानी बनती जा रही है ग्रामीण अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहते हैं लेकिन स्कूलों में मांगे जाने वाले दस्तावेजों और उनमें होने वाली त्रुटियों के सुधार की कठिन प्रक्रिया उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान कर रही है ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में स्कूल प्रवेश छात्रवृत्ति सरकारी योजनाओं और अन्य सुविधाओं के लिए आधार कार्ड समग्र आईडी जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र और बैंक खाते जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। लेकिन इनमें नाम जन्मतिथि अथवा अन्य जानकारी में त्रुटि होने पर सुधार कराने के लिए कई अन्य दस्तावेजों की मांग की जाती है। इस प्रक्रिया में गरीब परिवारों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बाद ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेज अपडेट की प्रक्रिया ग्रामीणों के लिए और अधिक कठिन साबित हो रही है। तकनीकी जानकारी और डिजिटल जागरूकता के अभाव में लोग साइबर कैफे और दलालों पर निर्भर हैं। छोटी-छोटी गलतियों को सुधारने के लिए भी ग्रामीणों को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं जिससे समय और पैसे दोनों की हानि होती है साथ ही स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान गरीब और आदिवासी परिवारों को राहत देने की आवश्यकता बताई जा रही है ताकि कोई भी बच्चा केवल दस्तावेजों की समस्या के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।



## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर के शांति नगर वार्ड 10 में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारम्भ किया गया। श्रीमती अनीता पीपरे की यजमानी में आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान 17 मई से 23 मई तक जारी रहेगा। जिसमे कथावाचक आचार्य दिवाकर द्वारा योगिराज भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की कथा सुनाई जाएगी। सुबह 8 से 10 बजे तक संस्कृत में मूल पाठ के बाद दोपहर 3 बजे से 6.30 बजे तक हिंदी में कथा का पारायण किया जा रहा है। कथा के शुभारम्भ अवसर पर कलश यात्रा निकालकर देव पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी रहे। 23 मई को हवन विसर्जन और भण्डारे के साथ ज्ञान यज्ञ कथा सप्ताह का समापन किया जाएगा।

# 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप का समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।




जिला क्रिकेट संघ एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप सम्पन्न हुआ। साथ ही एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ 9 मई से स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला नर्मदा सनराइजर्स और फाइन चैलेंजर के मध्य सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ जिसे फाइन चैलेंजर ने दो विकेट से जीत लिया।

बता दें कि टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल थी जो लीग मैच खेल रही थी। जिसमें तीनों टीम ने दो-दो मैच जीता किंतु रन रेट के आधार पर दो टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। 17 मई को हुए फाइनल मुकाबले में नर्मदा सनराइजर्स ने 239 रन बनाए जिसमें कप्तान युवराज यादव ने 102 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन चैलेंजर ने 45 ओवर में 240 रन बनाकर मैच जीत लिया जिसमें भावेश ने 117 रनो की पारी खेली। शाम 5 बजे महात्मा गांधी मैदान में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव वर्मा, डॉ दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, सुनील उपाध्याय, शुचि उपाध्याय एवं संस्था के अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उभरते खिलाड़ियों को अनुशासित रहने की सलाह दी।

एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मेकल कप विजेता फाइन चैलेंजर एवं उप विजेता नर्मदा सनराइजर्स को ट्राफी प्रदान की गई वहीं प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बसत ठाकुर, बेस्ट बल्लेबाज युवराज यादव, बेस्ट बॉलर तेजस पटेल ,बेस्ट फिल्डर नयन घोषित हुए जिन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया।

# समय-सीमा पत्रों को दें प्राथमिकता : कलेक्टर



**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला योजना भवन में समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों और टीएल पत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें संबंधित अधिकारी स्वयं व्यक्तिगत फॉलोअप कर समय पर जवाब प्रस्तुत करें और जिन प्रकरणों पर कार्रवाई पूरी हो चुकी है उन्हें तत्काल क्लोज कराएं। शुक्रवार तक सभी टीएल प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा कि आगामी 2 दिनों के भीतर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर जिला ए-ग्रेड में आए, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। विशेष रूप से 50 और 500 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए जिलाधिकारियों के फील्ड विजिट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ भ्रमण पर जाना काफी नहीं है। मौके पर निरीक्षण कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विजिट के दौरान आंगनबाड़ी और स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

संपादकीय

## ये संकट है, मजाक नहीं

अप्रैल माह में थोक महंगाई दर 8.30 फीसदी हो गई, जो मार्च में 3.88 फीसदी थी। बीते 42 माह में यह महंगाई का उच्चतम स्तर है। माना जा रहा है कि मई की महंगाई दर 9 फीसदी को पार कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अधिकतम महंगाई की जो सीमा तय कर रखी है, उसके मुताबिक मुद्रास्फीति 6 फीसदी से नीचे रहनी चाहिए, लेकिन अब आसार 9-10 फीसदी के बन रहे हैं। यकीनन अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। वित्तीय, राजकोषीय और चालू खाता घाटे बढ़ सकते हैं। औसत उपभोक्ता के लिए ईएमआई और ब्याज दरों का बोझ बढ़ेगा। जिस देश के नेता, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल साईकिल, बुलेट, ई-रिक्शा, रेल पर सवार दिख रहे हों और देश के आर्थिक संकट का 'मजाक' बना रहे हों, प्रधानमंत्री के आह्वान का अपमान कर रहे हों, उनके लिए महंगाई कोई चिंतित मुद्दा नहीं है, लेकिन आम आदमी के लिए मरने-जीने का सवाल है। नेतागण 'नौटंकी' करना छोड़ दें, क्योंकि उनकी गतिविधियों से संकट हल होने वाला नहीं है। यदि सुरक्षा कोई संवेदनशील मुद्दा नहीं है और संकट विकराल है, तो मंत्रीगण पैदल चलें। ये दृश्य हास्यास्पद् हैं। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी इसे दहशत और चिंता की बात नहीं मानते।

बहरहाल यह महंगाई सिर्फ ईरान युद्ध की देन नहीं है। बेशक कच्चे तेल के बढ़ते दाम भी महत्वपूर्ण कारक हैं, लेकिन कुछ और विसंगतियां भी हैं, जिनके कारण थोक महंगाई दर इतनी बढ़ी है। यदि थोक महंगाई की स्थिति यह है, तो अंततः खुदरा महंगाई दर भी अपनी मानक सीमा तोड़ कर बढ़ सकती है। नतीजतन आम आदमी की जेब ही कटेगी। देश की 90 फीसदी से अधिक कामगार जमात असंगठित है। उसमें मजदूर, किसान भी, दिहाड़ीदार, अस्थायी ठेकों पर काम करने वाले और असंख्य बाल-मजदूर आदि शामिल हैं। जो जमात औसतन 10-12 हजार रुपए महीना ही कमा पाती है, उसके घर में 3000-3500 रुपए का रसोई गैस सिलेंडर कैसे खरीदा जा सकता है? कालाबाजारी में सिलेंडर इसी दाम पर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। सरकारी संरक्षण के बिना 'कालाबाजार' चल ही नहीं सकता? यह वाकई शोध का विषय है। इससे 'उज्ज्वला' की विसंगतियां भी बेनकाब होंगी। गैस का बड़ा सिलेंडर 1300 रुपए महंगा हो चुका है। आयातित दालें 35 फीसदी, खाद्य तेल 15 रुपए, मेवे 80 फीसदी, दूध 2-5 रुपए प्रति लीटर महंगे हो चुके हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। सरकार ने चीनी के निर्यात पर रोक क्यों लगाई है? निर्यात तो पहले ही बिखर चुका है। बेशक प्याज, टमाटर, आलू की कीमतें शांत हैं। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के उत्पाद 4.62 फीसदी महंगे हुए हैं। इस क्षेत्र की बाजार में 64 फीसदी हिस्सेदारी है और सूक्ष्म स्तर पर सर्वाधिक रोजगार भी इसी क्षेत्र में है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सरकार कुछ छिपा रही है, क्योंकि भारत के पास ऐसा कोई 'करिश्मा' नहीं है कि वह ईरान युद्ध से बेअसर रह सके। लंबे वक्त तक पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम न बढ़ाए जाएं। सरकार और तेल कंपनियां कब तक घाटा झेलती रहेंगी। देश पर पहले से ही 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। बहरहाल आजकल सोने की खूब चर्चा है। वैसे वह भी महंगाई का हिस्सा है और 10 ग्राम सोने के दाम 1.55 लाख रुपए से ज्यादा हो चुके हैं। एक रपट सामने आई थी कि हमारे सांसदों के पास 710 किग्रा सोना है। उन्होंने पैसा और ब्याज की पेशकश के बावजूद सोना सरकार को नहीं सौंपा। यह भी अनुमान है कि भारत में मंदिरों, मठों, घरों में करीब 50,000 टन सोना रखा है। वह 830 लाख करोड़ का आंका गया है। यदि सरकार गंभीर है, तो इस सोने का अधिग्रहण करे। इससे कई संकट हल हो सकते हैं।

### महिला सुरक्षा कोई महिला मुद्दा नहीं

# कब तक दोहराई जाती रहेंगी निर्भया जैसी त्रासदियां?



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

दिल्ली के नांगलोई में एक निजी बस के भीतर महिला के साथ हुई बस कंडक्टर एवं ड्राइवर के दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस भयावह सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का आईना है, जो वर्षों से हमारे सामने खड़ी है। चौदह वर्ष पहले निर्भया कांड के बाद देश की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने सोचा था कि अब व्यवस्था बदलेगी, कानून सख्त होंगे, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज अपनी सोच बदलेगा। लेकिन आज जब उसी प्रकार की घटनाएं पुनः पुनः सामने आती हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा होकर उठता है कि आखिर हम बदले कहां हैं? सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसका उत्तर केवल कानून की कमजोरी में नहीं, बल्कि समाज की उस विकृत मानसिकता में छिपा है, जहां महिला को आज भी बराबरी के सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है। महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु मानने वाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों, स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं।

विडंबना यह है कि विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के इस दौर में भी समाज स्त्री के सम्मान और सुरक्षा के बुनियादी संस्कार विकसित नहीं कर पाया। बच्चों को शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन संवेदनाएं नहीं दी जा रहीं। घरों में बेटियों पर नियंत्रण और बेटों को छूट देने वाली मानसिकता आज भी कायम है। एक ओर लड़कियों को सावधान रहने की नसीहत दी जाती है, दूसरी ओर लड़कों को अपने व्यवहार और दृष्टि की मर्यादा सिखाने की गंभीर कोशिश बहुत कम दिखाई देती है। यही असंतुलन आगे चलकर अपराधों की जमीन तैयार करता है। प्रश्न यह भी है कि प्रशासन बार-बार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है? निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, पुलिस गश्त और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की लंबी घोषणाएं हुईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन व्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया। निजी बसें आज भी बिना पर्याप्त निगरानी के चल रही हैं। कई स्थानों पर चालक और परिचालकों का समुचित सत्यापन तक नहीं होता। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है।

दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है, बालिकाओं की स्थिति, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर महिलाएं एवं बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?



सच्चाई यह है कि हमारी व्यवस्था अपराध होने के बाद सक्रिय होती है, अपराध रोकने के लिये नहीं। हर बार घटना के बाद गिरफ्तारी, जांच और बयानबाजी होती है, लेकिन अपराध की जड़ों तक पहुंचने की गंभीर पहल नहीं दिखाई देती। राजनीतिक दल कुछ दिनों तक आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, मीडिया में बहस चलती है और फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। लेकिन जिन परिवारों की बेटियां इस अमानवीयता का शिकार होती हैं, उनके जीवन में भय, पीड़ा और असुरक्षा स्थायी घाव बनकर रह जाते हैं। यह भी विचारणीय है कि आखिर महिलाएं और बालिकाएं बार-बार ऐसे अत्याचारों का शिकार क्यों बन रही हैं? इसका कारण केवल अपराधियों की क्रूरता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता भी है। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी का अभाव दिखाई देता है। लोग तमाशबीन बन जाते हैं। कई बार पीड़िता को ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है-उसके कपड़े, समय, जीवनशैली और व्यवहार पर सवाल उठाए जाते हैं। यह मानसिकता अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है, क्योंकि उन्हें पता होता है कि समाज पूरी तरह पीड़िता के साथ खड़ा नहीं होगा। कब तक महिलाएं अपने ही शहरों, बसों, गलियों और कार्यस्थलों पर भय के साथ जीती रहेंगी? कब तक माता-पिता अपनी बेटियों के घर लौटने तक चिंता में डूबे रहेंगे? यह प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा का प्रश्न है। जिस समाज में आधी आबादी स्वयं को सुरक्षित महसूस न करे, वह समाज वास्तव में सभ्य नहीं कहलाया जा सकता।

आज आवश्यकता केवल कठोर कानूनों की नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आत्ममंथन की है। कानून अपराधी को दंड दे सकता है, लेकिन समाज ही मानसिकता बदल सकता है। स्कूलों और परिवारों में लैंगिक संवेदनशीलता की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। बेटियों को भय में जीना नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीना सिखाना होगा। फिल्मों, सोशल मीडिया और विज्ञापनों में स्त्री की वस्तुवादी छवि पर भी गंभीर विमर्श जरूरी है, क्योंकि संस्कृति और मनोरंजन भी समाज की सोच को प्रभावित करते हैं। प्रशासन को भी केवल घटनाओं के बाद की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन में रियल-टाइम जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन और नियमित निगरानी को पूरी कठोरता से लागू करना होगा। निजी परिवहन संचालकों और कर्मचारियों का गहन सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सक्रिय बनाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि समाज को यह समझना होगा कि महिला सुरक्षा कोई महिला मुद्दा नहीं, बल्कि मानवता और सभ्यता का प्रश्न है। जब तक स्त्री को समान सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास के सारे दावे अधूरे रहेंगे।

नांगलोई की यह घटना केवल एक समाचार नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि अब भी हम नहीं जागे, तो निर्भया जैसी त्रासदियां बार-बार हमारे सामने आती रहेंगी और हर बार हमारी संवेदनहीनता, हमारी प्रशासनिक विफलता और हमारी विकृत मानसिकता हमें कठघरे में खड़ा करती रहेगी। प्रश्न यही है-आखिर कब तक? तमाम जागरूकता एवं सरकारी प्रयासों के बावजूद भारत में भी बालिकाओं की स्थिति में यथोचित बदलाव नहीं आया है। धर्मगुरु, राजनेता एवं समाजसुधारक महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति कितनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते आए हैं, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। इनके चरित्र का दोहरापन जगजाहिर हो चुका है। कोई क्या पहने, क्या खाए, किससे प्रेम करे और किससे शादी करें, सह-शिक्षा का विरोधी नजरिया- इस तरह की पुरुषवादी सोच के तहत बालिकाओं को उनके हकों से वंचित किया जा रहा है, उन पर तरह-तरह की बंदिशें एवं पहरे लगाये जा रहे हैं। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। आज अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं शक्ल बदल-बदल कर काले अध्याय रच रही है। देश में गैंग रेप की वारदातों में कमी भले ही आयी हो, लेकिन उन घटनाओं का रह-रह कर सामने आना त्रासद एवं दुःखद है।

## एनटीए ही निकला माफिया



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

नीट यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद एक के बाद एक छात्र-छात्राओं द्वारा मौत को गले लगाने के बाद मचे भारी बवाल और चौतरफा आलोचनाओं के बीच केन्द्र सरकार ने बड़े प्रशासनिक कदम उठाए हैं। परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए की साख पर लगे गम्भीर दाग धोने के लिए एनटीए के दो नए संयुक्त सचिव और दो नए संयुक्त निदेशक नियुक्त कर दिए गए हैं। छात्रों की आत्महत्या को सिस्टम द्वारा की गई हत्या करार दिया जा रहा है जिससे जनाक्रोश भी दिखाई देता है। लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए यह पहला प्रशासनिक फेरबदल है। यद्यपि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रद्द हुई नीट यूजी परीक्षा दोबारा 21 मई को कराने की तिथि घोषित कर दी है और अगले वर्ष परीक्षा ऑनलाइन कराने का भी ऐलान कर दिया है लेकिन लीक और गोपनीयता भंग ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की विश्वसनीयता पूरी तरह से नष्ट कर दी है। पेपर लीक प्रकरण में एनटीए की साख खत्म होने का बड़ा कारण मास्टर माइंड दो प्रोफैसरों की गिरफ्तारी है जो एनटीए की परीक्षा पेपर बनाने वाली समिति से जुड़े हुए थे। इससे स्पष्ट है कि एनटीए के कुएं में भांग पड़ी हुई थी। माफिया खुद एनटीए से जुड़े लोग ही निकले। उनके तार संगठित गिरोह, धन के लोभी, संवेदनहीन साजिशकर्ताओं से जुड़े हुए थे, जिन्होंने एक बार फिर युवा वर्ग को हताश किया और उनकी उम्मीदें छीन लीं। कहने को तो हम विश्व गुरु हैं। विशाल जनसंख्या वाले देश में हम सफलतापूर्वक जनगणना करा लेते हैं। चुनावों से पहले दिन-रात एक करके मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण भी करा लेते हैं। अंतरिक्ष में हमारी धाक है। हम चांद पर मानव मिशन भेजने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन बिना लीक के परीक्षा नहीं करवा सकते। स्पष्ट है कि सिस्टम में ही काली भेड़ें छिपी हुई हैं।

लिहाजा मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह बदलने की जरूरत है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार के लिए बनाई गई राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिशों को भी पूरी तरह से लागू करने की बात कही है लेकिन सवाल यह भी है कि यह सिफारिशें पहले लागू क्यों नहीं की गईं। कहते हैं कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है लेकिन बार-बार पेपर लीक हो जाने के बाद भी पहले कोई कदम नहीं उठाए गए। जबकि कुछ अन्य परीक्षाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं तो नीट परीक्षा के ऑनलाइन करने में विलम्ब क्यों हुआ। नीट परीक्षा शुरू से विवादों से घिरी रही है, कई राज्यों ने तो इस प्रारूप का ही विरोध किया लेकिन इसके बावजूद जब इसे देश भर में लागू कर दिया गया तो परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए को अपनी विश्वसनीयता पर गंभीर चोटें सहनी पड़ी हैं और विभिन्न किस्म के आरोप एवं विवाद निराशाजनक रूप से नियमित अंतराल पर सामने आते रहे हैं। इसमें तमिलनाडु में हुआ साल 2019 का घोटाला जिसमें छात्रों ने परीक्षा लिखने के लिए दूसरों का इस्तेमाल किया। केरल में साल 2022 का लड़की परीक्षार्थियों की जामा-तलाशी का विवाद और साल 2024 का पेपर लीक और ग्रेस मार्क विवाद शामिल हैं।

पेपर लीक के सहारे राजस्थान में एक युवा नेता के परिवार के चार बच्चे डॉक्टर बन गए। इससे स्पष्ट है कि देश के डॉक्टर कितने प्रतिभाशाली होंगे डॉक्टरों को मरीजों के लिए भगवान स्वरूप माना जाता है। अगर वे लाखों में लीक वाले प्रश्नपत्र खरीद कर पास हुए हैं तो क्या इस वर्ग को छोड़ा जा सकता है। 23 लाख बच्चों के भविष्य पर जो आघात हुआ है वह असहनीय है। लाखों युवाओं में कई प्रतिभावान और विशेषज्ञ डॉक्टर बनने की योग्यता रखते होंगे जो लाखों की जिन्दगियां बचा सकते थे। हो सकता है अभिभावकों ने कर्ज लेकर बच्चों की तैयारी करवाई होगी लेकिन माफिया ने उनके सपनों को खंड-खंड कर दिया।

सवाल यह भी है कि पेपर लीक माफिया और नकल माफिया पहले भी पकड़े जाते रहे हैं लेकिन आज तक उनको कितनी सजाएं हुईं। किस पर स्थायी पाबंदी लगाई गई। इसका कोई जवाब नहीं। बड़े-बड़े माफिया जमानत पर बाहर हैं और केस ठप्प हैं। छात्रों की आत्महत्याओं के बाद एक अत्यंत संवेदनशील पक्ष छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य और अभिभावकों की भूमिका का भी सामने आया है। देश में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि ऐसी परिस्थितियों में अभिभावक अपने बच्चों को डिप्रेशन से कैसे बचाएं। कहते हैं असफलता सफलता की सीढ़ी होती है। परीक्षा रद्द होना या परीक्षा में असफल होना जीवन का अंत नहीं है। ऐसे समय में अभिभावकों को बच्चों पर बहुत अधिक दवाब बनाने की बजाय उनके साथ खड़ा होना चाहिए, उनकी बात सुननी चाहिए और घर के माहौल को सकारात्मक बनाए रखना चाहिए ताकि बच्चे किसी भी तरह के आत्मघाती विचारों से दूर रह सकें।

राधाकृष्णन कमेटी ने एनटीए के पुनर्गठन और एक सुरक्षित परीक्षा प्रशासन तंत्र निर्मित करने के लिए राज्य और जिला प्राधिकारियों के साथ एक मजबूत संस्थागत जुड़ाव बनाने की सिफारिश की। इनके अलावा, उसने बहु-चरणीय परीक्षा, कागज और कंप्यूटर के हाइब्रिड इस्तेमाल और सेंध व कदाचार रोकने के उपायों की श्रृंखला की भी सिफारिश की। एनटीए को लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित करने वाली, संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं का अपना अकुशल संचालन जारी रखने देना अपराध होगा। मेडिकल में दाखिले के लिए एकल, मानकीकृत और पारदर्शी प्रवेश परीक्षा लागू करने के उपाय के रूप में नीट को लाया गया था। बेहतर होगा मौजूदा एनटीए को बर्खास्त कर परीक्षा प्रणाली में अमूलचूल परिवर्तन किए जाएं।

## संवाद से दीवारें गिरती हैं, दरारें भरती हैं

स्वामी चिदानंद सरस्वती

स्वामी चिदानंद स्वामी ने बातचीते के दौरान कहा कि, सारा जीवन दैवीय आज्ञा पर होता है। प्रभु ने हमें चुन लिया है। सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी है। परमार्थ का अर्थ ही यह है कि दूसरों के लिए जीवन। बचपन से मौन की साधना की। ध्यान की साधना की। फिर हम हिमालय पर गए। आज पूरे विश्व को जिस समाधान की आवश्यकता है, चुनौतियों से निजात पाने के लिए जो उत्तर चाहिए, वो हिमालय की शांति ने दिए। व्यस्त रहते हुए मस्त और स्वस्थ कैसे रहें, यह उसी से मिले जीवन का प्रभाव है। जीवन में संवाद का क्या प्रभाव होता है, इसके सूत्र हिमालय से मिले। आज प्रसन्नता है कि अमर उजाला ने सभी संस्थाओं के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का नाम संवाद रखा है। संवाद ही समाधान है। संवाद से ही सभी दीवारें गिरती हैं, सारी दरारें भरती हैं, दिल से दिल जुड़ते हैं, फिर चाहे वह राष्ट्र में हों, समाज में हों, संस्थान में हों। आज संकट का एक ही कारण है- संवाद का अभाव। डायलॉग, डायलिसिस की तरह है।



स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने कहा कि, अनुशासन यानी निज पर शासन। सारी समस्याएं खुद से खड़ी होती हैं। अपनी सोच छोटी हो, तो समाधान ही समस्या बन जाती है। अटलजी कहते थे कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता। पहला अनुशासन सोच का अनुशासन है। दूसरा अनुशासन जिह्वा पर नियंत्रण का अनुशासन है। सोच ही निर्धारित करती है कि हमें क्या करना है। अमर उजाला का उदाहरण लें, तो इसके संस्थापक पहले सोच को अनुशासन में लाए। फिर तन्मय होकर इस काम में लग गए। आप अपना सौ फीसदी दीजिए। आपकी सोच ही आपके भाग्य का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण में देखिए। जहां-जहां सोच को नियंत्रित नहीं किया, वहां-वहां हम फिसल गए। सनातन संस्कृति संवाद की संस्कृति है। गर्जना करने वाले गजनी गिरते गए, लेकिन सोमनाथ आज भी खड़ा है। जिह्वा नियंत्रण का जहां-जहां अभाव है, वहां-वहां समस्या है।

साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि, जीवन में सब कुछ इकट्ठा करने के बाद रात को लोगों को नींद नहीं आती। अकेलापन बढ़ता जा रहा है। सनातन संस्कृति कहती है कि जीवन में हर समस्या का समाधान है। इस संस्कृति ने हमें जीवन दिया, जीवन जीने का ढंग दिया। अमेरिका में हमारे पास सब कुछ था। बाहर की दृष्टि से देखें, तो सब कुछ था। भीतर की शांति, भीतर की प्रसन्नता किसी के पास नहीं है। जब छोटी-सी आयु में ऋषिकेश आई, तो देखा कि गंगा के किनारे किसी से भी पूछो कि आप कैसे हैं, तो सब कहते हैं कि भगवान की कृपा है, मां गंगा की कृपा है। अमेरिका में जिनके पास सब कुछ है, वो पूछने पर शिकायतें करते रहते हैं। भारत की जमीन पर रहते हुए जिनके पास बहुत कम है, वो भी कहते हैं कि भगवान की कृपा है। अमेरिका में लोगों के लिए जीवन का प्रश्न है- मेरे लिए क्या? इस सवाल का जवाब ढूंढते-ढूंढते वे कहीं भी प्रसन्नता हासिल नहीं कर पाते।

## ओ मेरे सोना रे, सोना रे, सोना रे, दे दूंगी जान जुदा मत होना रे...




इन दोनों अगर सबसे ज्यादा चर्चा किसी चीज की हो रही है तो वो है सोना मेरा मतलब नींद से नहीं बल्कि धातु कहे जाने वाले सोने से है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी जी ने लोगों से अपील की है कि लोग बाग एक साल तक सोना ना खरीदे ताकि देश की धनराशि में बचत हो सके। कई लोगों ने उनके सुझाव पर अमल भी शुरू कर दिया लेकिन अपने देश में तो बचा पैदा होने से लेकर मरने तक में सोने की जरूरत पड़ती है ऐसा कौन सा आयोजन है जिसमें सोना ना लगता हो? आज से नहीं पुरातन काल से सोने के प्रति लोगों में जबरदस्त आकर्षण रहा है लोग बात कहते थे कि सोना खरीद लो वक्त जरूरत पर काम आएगा क्योंकि सोना ही एक ऐसी चीज है जो आधी रात को भी बिक जाती है या फिर उसको गिरवी रखकर सुनार से या साहूकार से नगद पैसा मिल सकता है महिलाओं को तो सोना विशेष कर यादा ही पसंद है उनके सारे जेवराज सोने के ही बने रहते हैं आजकल वैसे सोने की तर्ज पर बेंटेक्स के कुछ नकली जेवरात भी मार्केट में अवेलेबल हैं लेकिन हर महिला चाहती है कि वो असली खरे सोने के जेवरात पहने ,दक्षिण भारत में तो सोने के प्रति अगाध प्रेम है दस दस तोले वाली चेन पहनने का रिवाज है महिलाएं भी भारीभरकम जेवरात अपने शरीर पर धारण करती है ।सोने का कितना महत्व है इस पर गीतकारों ने भी कई गीत रचे हैं चाहे वो मेरा गांव मेरा देश का सोना लई जा रे चांदी लई जा रे गीत हो या फिर बॉबी का ना मांगू सोना चांदी, ना मांगू हीरा मोती या फिर राजा हिंदुस्तानी का कितना सोना तुझे रब ने बनाया या फिर बहुत पुरानी देवानंद की फिल्म माया का कोई सोने के दिल वाला कोई चांदी के दिल वाला या फिर गोविंदा और करिश्मा की फिल्म हीरो नंबर वन का सोना कितना सोना है सोने जैसा तेरा दिल । गजलों में भी सोने का जबरदस्त प्रयोग हुआ पंकज उदास की एक बहुत मशहूर गजल आज भी उतनी ही मशहूर है जितनी पहले थी चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल एक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल और सही बात है जिसके पास सोना होता है वही धनवान होता है क्योंकि सोने के दाम तो हमेशा बढ़ते ही आए हैं और रुपया हमेशा गिरता रहा यही कारण है कि बड़े बूढ़े सोना खरीदने की सलाह देते रहते हैं । पता तो ये लगा है कि अपने भारत के घरों में ही लगभग पचीस हजार टन से लेकर पचास हजार टन सोना रखा हुआ है मंदिरों की तो बात ही छोड़ दो। महबूबा भी कई बार अपने आशिक को सोने के रूप में देखती है और यही कारण है कि फिल्म तीसरी मंजिल में शम्मी कपूर को देखकर आशा पारेख गाती है ओ मेरे सोना रे, सोना रे, सोना रे दे दूंगी जान जुदा मत होना ये बात उस जमाने में सही होगी शम्मी कपूर के लिए, लेकिन आज ये बात पूरी तरह से महिलाओं पर लागू है जो सोने से कह रही हैं कि दे दूंगी जान जुदा मत होना रे । प्रधानमंत्री जी की अपील पर कौन कितना ध्यान देता है यह देखना अभी दिलचस्प होगा क्योंकि सोने के प्रति मोह को इतनी जल्दी कम करना बड़ा कठिन काम है और दूसरी बात ये भी है कि सोना एक ऐसी चीज है जिसके दाम हमेशा बढ़ते ही आए हैं एक सूचना के अनुसार पिछले 600 साल का रिकॉर्ड यही बताता है कि सोने के दामों में कभी कमी नहीं आई और अब तो सोना ईटीएफ में भी खरीदा जा सकता है यानी अपने पास रखने की जरूरत नहीं है अपना डिमैट अकाउंट खोलो सोना खरीदो और सोना बेचो।

### इसको कहते हैं दूरदृष्टि

दिल्ली महाराष्ट्र, तेलंगाना और हरियाणा कैडर समेत देश भर के 50 के लगभग आइएएस और आइपीएस अधिकारियों ने अप्रैल 2022 में एक ही पंजीकरण दस्तावेज़ के माध्यम से एक ही दिन में भोपाल के पास गुराडी घाट एरिया में 2.023 हेक्टेयर (लगभग पांच एकड़) कृषि भूमि खरीदी। जमीन की इस खरीदी को अचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) में समान विचारधारा वाले अधिकारियों द्वारा अधिग्रहित संपत्ति के रूप में वर्णित किया गया। खरीद के महज 16 महीने बाद, अगस्त 2023 में 3,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पश्चिमी बाईपास परियोजना को मंजूरी मिली जिसका प्रस्तावित मार्ग कथित तौर पर उस भूमि से गुजरता है। कहा जाता है कि खरीद के समय यह जमीन कृषि योग्य भूमि के रूप में नामित थी मगर प्रदेश सरकार द्वारा बाईपास को मंजूरी देने के 10 महीने के भीतर ही इसे आवासीय क्षेत्र में परिवर्तित कर दिया गया। दो साल से भी कम समय में, सरकार द्वारा अनुमोदित बाईपास और भूमि उपयोग परिवर्तन के कारण इस जमीन का बाजार मूल्य 11 गुना बढ़ कर 5.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 60 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। अब आप ही बताइए इसे राष्ट्रभक्ति की शपथ के साथ सिविल सेवा में आने वाले इन तथाकथित समान विचारधारा वाले अफसरों की दूरदृष्टी न कहें तो और क्या कहेंगे। मौका था, समय रहते पहचान लिया। अब सरकार ने वहीं से बाईपास योजना को मंजूरी दे दी तो हम क्या करें? कुछ नादान इसे पद और सत्ता का घोर दुरुपयोग और घोटाला बता रहे हैं। कह रहे हैं कि राजनेताओं को तो फिर भी हर पांच साल में चुनाव का सामना करना पड़ता है। सिविल सेवा अफसरों को तो बिना किसी वास्तविक जवाबदेही के आजीवन सत्ता सुख का वरदान प्राप्त है। अपना भला करने की कोशिश भी कोई अपराध है भला? और जो खुद का भला नहीं कर पाया वो जनता का भला कैसे करेगा। ऐसे में उनकी दूरदृष्टी को घोटाले जैसे घटिया शब्द से तौलना कहां का इंसाफ है? अपनी तो इन तथाकथित समान विचारधारा वाले अफसरों, जिनके सिविल सेवा में चयन का मूल सिद्धांत ही देश के आम नागरिकों के भले से जुड़ा हुआ है, से बस एक ही छोटी सी शिकायत है। काश थोड़ी बहुत दूरदृष्टी का परिचय अपनी सेवा के इस मूल सिद्धांत के लिए भी दें। थोड़ा बहुत भला जनता का भी हो जाए।

### इन गिद्धों की गिनती कौन करेगा

राय सरकार का वन विभाग जल्द ही जंगली गिद्धों की गणना करवाने की तैयारी कर रहा है। ज्ञात हो कि पूरे देश में गिद्धों की आबादी के मामले में मध्यप्रदेश सबसे आगे है। लेकिन अफसोस ये है कि सरकार जंगली गिद्धों के साथ साथ इंसानी गिद्धों की गणना क्यों नहीं करवा रही। पंचायत, नगर पालिका, थाना, आरटीओ, कलेक्ट्रेट से लेकर सचिवालय और तमाम सरकारी विभागों में बैठे इन गिद्धों ने जनता का जीना हराम कर रखा है। आम आदमी जैसे ही किसी दफ्तर में घुसता है, किसी भी अफसर और कर्मचारी की पैनी नजर से बच ही नहीं सकता। काम छोटा हो या बड़ा, सही हो या गलत कोई फर्क नहीं पड़ता। ये गिद्ध फौरन काम की कीमत लगाकर मांस नोचने की शुरुआत कर देते हैं। जितनी टेबल उतने गिद्ध। फिर चाहे परसाई का भोलाराम हो या श्रीलाल शुक्ल का लंगड़। काम पूरा होते तक हर आदमी की सिर्फ हड्डियां बच पाती हैं। इंसानी गिद्ध का आकार और उसकी भूख ओहदे के मुताबिक होती है। जितना बड़ा पद उतना यादा मांस नोचने को तत्पर। उधर जंगली गिद्धों का तो आखिर पेट भर भी जाता है लेकिन इंसानी गिद्धों की भूख कभी खत्म नहीं होती। मेरा सुझाव तो यह है कि जनगणना के काम के साथ साथ सरकार अपने महकमों में फैले इंसानी गिद्धों की गिनती भी करवा ले तो बेहतर है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 19 मई 2026



# 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन और ईरानी कनेक्शन... क्या अमेरिका पर हमले की तैयारी कर रहा क्यूबा?

नई दिल्ली

क्यूबा देश को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन क्यूबा को एक संभावित खतरा मान रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि खुफिया जानकारी से पता चला है कि हवाना ने 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन हासिल कर लिए हैं और अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन से हमला करने की तैयारी में है।

इस रिपोर्ट में खुफिया जानकारी और अमेरिका के सीनियर अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि क्यूबा के अधिकारियों ने हाल ही में ऐसी योजनाओं पर चर्चा की है, जिनमें तनाव बढ़ने पर ग्वांतानामो बे नेवल बेस पर मौजूद अमेरिकी नौसेना के अड्डे, अमेरिकी मिलिट्री जहाजों और यहां तक कि फ्लोरिडा के की वेस्ट पर भी हमले किए जा सकते हैं।



वहीं, वॉशिंगटन इस बात को लेकर चिंतित है कि इस तरह की टेक्नोलॉजी अमेरिका के इतने करीब मौजूद हैं। खासकर तब जब हवाना में कथित तौर पर ईरानी मिलिट्री सलाहकार मौजूद हैं और क्यूबा के रूस और ईरान के साथ रक्षा संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

एक अधिकारी ने कहा, जब हम इस तरह की टेक्नोलॉजी के इतने करीब होने के बारे में सोचते हैं, और साथ ही आतंकी संगठनों से लेकर ड्रग कार्टेल, ईरानियों और रूसियों जैसे कई बुरे तत्वों के बारे में सोचते हैं, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। इसके साथ ही यह एक बढ़ता हुआ खतरा है।

इसके साथ ही सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ गुरुवार को क्यूबा के दौरे पर गए और वहां के अधिकारियों को किसी भी तरह की शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल न होने की चेतावनी दी। उन्होंने हवाना से यह भी आग्रह किया कि वह अमेरिका द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों को खत्म करवाने के लिए अपनी तानाशाही सरकार को छोड़ दे।

हालांकि, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज परिला ने अमेरिका पर प्रतिबंधों और संभावित सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने के लिए एक मनगढ़ंत मामला तैयार करने का आरोप लगाया। रोड्रिगेज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, क्यूबा न तो किसी को धमकाता है और न ही युद्ध चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा मान्यता प्राप्त अपने वैध आत्मरक्षा के अधिकार के तहत बाहरी आक्रमण का सामना करने के लिए खुद को तैयार रखता है। क्यूबा के दूतावास ने भी एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि इस द्वीप राष्ट्र को बाहरी आक्रमण के खिलाफ अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है।

# बांग्लादेश में खसरे से 450 बच्चों की मौत, मोहम्मद यूनुस के खिलाफ कार्रवाई करने की उठी मांग



नई दिल्ली

बांग्लादेश में मार्च से अब तक खसरे से 450 से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट से यह आदेश मांगा गया है कि पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और 24 अन्य लोगों को देश छोड़ने से रोका जाए, जब तक कि उनके कार्यकाल के दौरान खसरे की वैक्सीन की कमी की जांच पूरी नहीं हो जाती। हालांकि खसरा एक ऐसी बीमारी है जिसे वैक्सीन की दो खुराक से पूरी तरह से रोका जा सकता है। ये खुराकें नौ महीने की उम्र से दी जाती हैं, लेकिन आरोप है कि 2024 और 2025 के बीच बांग्लादेश में वैक्सीन की भारी कमी थी, जब यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। बांग्लादेश हाई कोर्ट में दायर अपनी जनहित याचिका में जिस पर सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट के वकील एम अशरफुल इस्लाम ने सरकार से यह निर्देश देने की मांग की है कि खसरे की वैक्सीन के मुद्दे पर यूनुस और अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जाए। बांग्लादेश चाइल्ड प्रोटेक्शन इनिशिएटिव के बैनर तले स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने वैक्सीन की कमी के लिए अंतरिम सरकार और उस समय के स्वास्थ्य प्रशासन को दोषी ठहराया है, जिसके कारण यह बीमारी फैली। उन्होंने मांग की है कि यूनुस और पूर्व स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर मुकदमा चलाया जाए।

## ईंधन बचत और सार्वजनिक परिवहन राष्ट्रहित की जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान के तहत राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्रीमती गुप्ता ने आज मेरा भारत, मेरा योगदान% जन-अभियान के अंतर्गत शुरू की गई मेट्रो मंडे पहल में भाग लिया और सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री की अपील पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों एवं सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो रेल और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों का उपयोग किया।समुख्यमंत्री ने अपने दिन की शुरुआत आवास से लोक निवास में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के लिए पैदल पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने इलेक्ट्रिक कार के माध्यम से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से आईटीओ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय दिल्ली सचिवालय तक जाने के लिए फीडर बस सेवा का उपयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और रविन्द्र इंद्राज भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# आंध्रप्रदेश में बच्चे पैदा करने पर अब पैसा देने का ऐलान, देश में छिड़ी नई बहस

श्रीकाकुलम

एक समय परिवार नियोजन की वकालत करने वाले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अब अपना रुख बदलते हुए घोषणा की है कि उनकी सरकार तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवारों को 30,000 रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40,000 रुपये का प्रोत्साहन देगी। इस फैसले की अन्य पार्टियों ने आलोचना की है। उन्होंने इसे केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रयास से जोड़ा है और सवाल उठाया है कि राष्ट्रीय स्तर पर परिवार नियोजन नीति क्यों लागू नहीं की जा रही है।

शनिवार को श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नापेटा में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नायडू ने कहा कि मैंने इस बारे में कई बार सोचा है। अतीत में मैंने परिवार नियोजन के लिए काम किया है। लेकिन आज एक बार फिर बच्चे हमारी संपत्ति हैं और हम सभी के लिए उनके हित में काम करना जरूरी हो गया है। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख ने घोषणा की कि इसीलिए मैंने एक और फैसला लिया है। तीसरे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद हम 30,000 रुपये देंगे। चौथे बच्चे के जन्म पर हम 40,000 रुपये देंगे।



नायडू कुछ समय से गिरती जन्म दर के बारे में बात कर रहे हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती आय के कारण कुछ दंपत्तियाँ केवल एक ही संतान को जन्म दे रही हैं, जबकि अन्य दंपत्तियाँ दूसरी संतान तभी पैदा कर रही हैं जब पहली संतान बेटी हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिस्थापन स्तर की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.1 बनाए रखना आवश्यक है और कहा कि जनसंख्या तभी स्थिर रहती है जब प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 संतान हो।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान पर सीपीआईएम नेता वृंदा करात ने कहा कि हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और आंध्र प्रदेश जनसंख्या नीति का पुरजोर विरोध करते हैं... नायडू जी, आपने बेशक एनडीए में शामिल हो गए हैं, लेकिन क्या आपने अपनी बुद्धि और मानसिकता को गिरवी रखने की हद पार कर दी है?... 30,000 रुपये की पेशकश करके आप एक महिला को उसके गर्भ पर उसके मौलिक अधिकार से वंचित करना चाहते हैं... अब होगा यह कि 30,000-40,000 रुपये के लालच में आकर महिला के परिवार वाले उस पर अत्यधिक दबाव और जबरदस्ती करेंगे।

## ग्वादर बेस के बदले पाकिस्तान ने चीन से मांगा खतरनाक हथियार



**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित एक स्वतंत्र समाचार आउटलेट ड्रॉप साइट न्यूज़ की खबर के अनुसार, पाकिस्तान ने ग्वादर नौसैनिक अड्डे तक चीनी पहुँच के बदले में चीन से समुद्र आधारित परमाणु द्वितीय-हमला क्षमता की मांग की थी। 18 मई को प्रकाशित एक खबर में, समाचार आउटलेट ने कहा कि उसने इस सनसनीखेज दावे को करने के लिए गोपनीय पाकिस्तानी सैन्य दस्तावेजों की समीक्षा की है। कहा जाता है कि यह मांग 2024 में पाकिस्तानी सेना (फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में) और चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता में रखी गई थी। 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान ने बीजिंग को निजी तौर पर आश्वासन दिया था कि वह ग्वादर को चीनी सेना के लिए एक स्थायी अड्डे में बदलने की अनुमति देगा। उसी वर्ष बाद में, उसने चीन से परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बियों की मांग की, जिससे पाकिस्तान के वायु और जमीन से दागे जाने वाले परमाणु हथियारों के द्वंद्व को वायु, भूमि और समुद्र आधारित रणनीतिक हथियारों के त्रिपक्षीय में बदला जा सके। चीन ने इस मांग को अनुचित माना और वार्ता रुक गई। ड्रॉप साइट ने सबसे पहले 13 दिसंबर, 2025 को यह खबर प्रकाशित की थी। लेकिन 18 मई को प्रकाशित उनके नवीनतम खुलासे, जिसमें एक शीर्ष गोपनीय संदेश है जिसमें बाइडेन के एक प्रमुख अधिकारी इमरान खान को पद से हटाने के लिए दबाव डाल रहे हैं, के साथ देखने पर परमाणु हथियारों से लैस पाकिस्तान की अपने दो रणनीतिक साझेदारों, चीन और अमेरिका के साथ सौदेबाजी करने की तस्वीर सामने आती है। 18 मई की खबर में उन घटनाओं का क्रम बताया गया है जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों को आकार दिया है, जिससे वाशिंगटन और इस्लामाबाद आपसी संदेह से राजनीतिक रूप से एक-दूसरे के करीब आ गए हैं। वाशिंगटन के साथ तालमेल बिठाते हुए भी, पाकिस्तान ने चीन के साथ रणनीतिक हथियार वाहक के लिए सौदेबाजी की। परमाणु हथियार ले जाने वाली पनडुब्बियां तीन प्रकार की होती हैं। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां, क्रूज मिसाइलों से लैस पारंपरिक ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां (एसजीएन) या बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस पारंपरिक ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां (एसबीएन)। ड्रॉप साइट न्यूज की खबर में यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान किस विशिष्ट क्षमता की मांग कर रहा था। लेकिन अगर पाकिस्तान चीन पर ऐसी क्षमता के लिए दबाव डालता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। 1970 के दशक के उत्तरार्ध और 1980 के दशक के आरंभ में चीन ने पाकिस्तान को परमाणु बम बनाने में सहायता की।

# प्यार से नहीं माने तो दूसरा तरीका अपनाएंगे : योगी

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमाज़ नियमित रूप से अदा की जानी चाहिए और जनता की असुविधा से बचने के लिए ज़रूरत पड़ने पर इसे बारी-बारी से भी अदा किया जा सकता है। लखनऊ में एक जनसभा में इस मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि प्रशासन पहले समझाने-बुझाने के ज़रिए ही लोगों को नमाज़ पढ़ने के लिए मनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आपको नमाज़ अदा करनी ही होगी, आप अपनी बारी में पढ़ सकते हैंज हम आपको प्यार से मना लेंगे, अगर आप नहीं मानते हैं, तो हम कोई दूसरा तरीका अपनाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कें आवागमन के लिए हैं और सड़कों पर नमाज़ पढ़कर यातायात अवरुद्ध करने के किसी भी व्यक्ति के अधिकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि क्या उत्तर प्रदेश में लोग सचमुच सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ते हैं? मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि ऐसा बिल्कुल नहीं होता ङ्क जाकर खुद देख लीजिए। सड़कें आवागमन के लिए हैं। क्या कोई भी चौराहे पर आकर तमाशा खड़ा कर यातायात अवरुद्ध कर सकता है? सार्वजनिक आवागमन में बाधा डालने का किसी को क्या अधिकार है? मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि यदि आवश्यक हो तो बारी-बारी से नमाज़ पढ़ने की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने मुझसे कहा, 'यह कैसे संभव होगा, हमारी संख्या बहुत अधिक है?' हमने जवाब दिया कि बारी-बारी से नमाज़ पढ़ी जा सकती है। यदि घर में जगह नहीं है, तो उसी के अनुसार संख्या का प्रबंधन करें। अनावश्यक भीड़ नहीं बढ़ानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून का शासन सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है और सार्वजनिक स्थानों का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार का शासन ही कानून का शासन है। यह सभी पर समान रूप से लागू होता है। नमाज़ पढ़ना अनिवार्य है ङ्क आप अपनी ड्यूटी के दौरान पढ़ सकते हैं। हम इसे रोकेंगे नहीं, लेकिन सड़क पर नहीं।



मुख्यमंत्री योगी ने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, खासकर 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान, जब उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि हिंदू त्योहारों से पहले कर्फ्यू लगाया जाता है। उन्होंने लगातार यह बात दोहराई है कि सार्वजनिक सड़कों और बुनियादी ढांचे का उपयोग इस तरह से नहीं किया जाना चाहिए जिससे यातायात या दैनिक आवागमन बाधित हो।

## तेलंगाना में अगले चार दिनों के दौरान भीषण लू के आसार: मौसम विभाग

**हैदराबाद, (वार्ता)।** मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आगामी चार दिनों के दौरान तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भीषण लू के आसार हैं। सोमवार को जारी अपनी दैनिक मौसम रिपोर्ट में विभाग ने कहा कि राज्य भर में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं। इसके साथ ही अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने का भी अनुमान जताया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई।



## सैयामी खेर ने विक्रम फडनीस की फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर साझा किया दिल छू लेने वाला नोट



अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया। इंस्टाग्राम पर अपने अनुभव साझा करते हुए सैयामी ने लिखा, यह पोस्ट काफी समय से लंबित थी... लेकिन कुछ अनुभवों को शब्दों में ढालने में वक्त लगता है =) एक कलाकार के तौर पर हम अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा ऐसे किरदारों की तलाश में बिताते हैं जो हमें भीतर तक छू जाएं, हमें चुनौती दें और फिल्म खत्म होने के बाद भी हमारे साथ बने रहें।और मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानती हूं कि कुछ शानदार फिल्ममेकर्स ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे 'चोक्ड', '8 एएम मेट्रो', 'घूमर', 'मिर्ज़्या' जैसी फिल्मों में लेखक-प्रधान किरदार निभाने का मौका दिया... और अब यह फिल्म। यह (अनटाइटल्ड) फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि ञविक्रमफड़नीस ने मुझे अपने इतने निजी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने लायक समझा। उन्होंने इस फिल्म को बहुत ईमानदारी और प्यार से बनाया है। मैंने आज तक ऐसा निर्देशक नहीं देखा जो हर छोटी-बड़ी चीज में इतनी गहराई से शामिल हो। कॉस्ट्यूम्स की खुद शॉपिंग करने से लेकर हर संवाद पर बैठना, डेट्स मैनेज करना, लोकेशन्स ढूंढना और सबसे बेहतरीन रैप पार्टी आयोजित करना। वह हर चीज में शामिल रहे।लेकिन विक्रम को सबसे खास बनाता है उनका दिल। अच्छे इंसानों के साथ काम करना आजकल बहुत दुर्लभ है। वह पूरे यूनिट का ख्याल परिवार की तरह रखते हैं। उनके बनाए माहौल में इतनी गर्मजोशी, दयालुता और अपनापन है और इस सारी चमक-दमक के पीछे एक ऐसा इंसान है जो बेहद मेहनत करता है। ताहिर राज भसीन, विनीत कुमार, मनीष पॉल, सुचित्रा पिल्लई और पूरी स्टारकास्ट के साथ काम करना बेहद शानदार अनुभव रहा।

## वीर पहाड़िया एक्शन-थ्रिलर 'बेनाम' में निभाएंगे लीड रोल, महेश भट्ट बने प्रेजेंटर

अभिनेता वीर पहाड़िया अपनी अगली फिल्म 'बेनाम' के साथ एक नए सिनेमाई सफर के लिए तैयार हैं। इस अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर फिल्म में वीर लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, इस प्रोजेक्ट को और दिलचस्प बनाते हुए अनुभवी फिल्ममेकर महेश भट्ट फिल्म के प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ चुके हैं, जिससे फिल्म को एक मजबूत क्रिएटिव सपोर्ट भी मिला है।



माना जा रहा है कि 'बेनाम' एक रूटेड एक्शन एंटरटेनर है, जिसमें दमदार इमोशंस के साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। इसके अलावा, फिल्म में एक कमर्शियल अपील वाला म्यूजिक एल्बम भी शामिल होने की उम्मीद है। मेकर्स का लक्ष्य एक्शन, इमोशन और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाते हुए दर्शकों को एक दमदार सिनेमाई अनुभव देना है। सूत्रों के अनुसार , वीर इस फिल्म में पहली बार एक रफ और रग्ड एंटी-हीरो के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि यह किरदार अभिनेता की अब तक की स्क्रीन इमेज से बिल्कुल अलग होगा और उनके व्यक्तित्व का एक गहरा और इंटेंस पक्ष दर्शकों के सामने आएगा। माना जा रहा है कि हो सकता है, यह फिल्म वीर के करियर में एक नया मोड़ भी साबित हो। हालांकि फिल्म की सपोर्टिंग कास्ट और तकनीकी टीम को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इंडस्ट्री में इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। वैसे आने वाले दिनों में मेकर्स आधिकारिक घोषणा के साथ फिल्म से जुड़ी और जानकारी साझा कर सकते हैं।

## जंजीर के लिए प्रकाश मेहरा ने मात्र एक रुपये में अमिताभ को किया था साइन



मशहूर फिल्मकार प्रकाश मेहरा ने सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को फिल्म जंजीर के लिए मात्र एक रुपये में साइन किया था। 13 जुलाई 1939 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर में जन्मे प्रकाश मेहरा शुरुआती दौर में अभिनेता बनना चाहते थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिए वह साठ के दशक में मुंबई पहुंचे और फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाने लगे। उन्होंने उजाला और प्रोफेसर जैसी फिल्मों में अभिनय किया। निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म हसीना मान जायेगी थी, जिसमें शशि कपूर ने दोहरी भूमिका निभाई थी। हालांकि, वर्ष 1973 में प्रदर्शित जंजीर ने न सिर्फ प्रकाश मेहरा बल्कि अमिताभ बच्चन के करियर को भी नई ऊंचाई दी। कहा जाता है कि धर्मेन्द्र और प्राण के कहने पर उन्होंने अमिताभ को फिल्म में मौका दिया और साइनिंग अमाउंट के तौर पर सिर्फ एक रुपया लिया। प्रकाश मेहरा प्यार से अमिताभ बच्चन को लल्ला कहकर बुलाते थे। जंजीर की सफलता के बाद दोनों की जोड़ी ने लावारिस, मुकद्दर का सिकंदर, नमक हलाल, शराबी और हेरा फेरी जैसी कई सुपरहिट फिल्में दीं। एक सफल निर्देशक और निर्माता होने के साथ-साथ प्रकाश मेहरा बेहतरीन गीतकार भी थे। उन्होंने कई यादगार गीत लिखे, जिनमें ओ साथी रे, लोग कहते हैं मैं शराबी हूं, जहां चार यार मिल जाएं, इंतहा हो गई इंतजार की, दे दे प्यार दे, अपनी तो जैसे तैसे और रोते हुए आते हैं सब, हंसता हुआ जो जाएगा जैसे गीत शामिल हैं।

संघर्ष के दिनों में आर्थिक तंगी से जूझ रहे प्रकाश मेहरा को अपना लिखा गीत तुम गगन के चंद्रमा हो, मैं धरा की धूल हूं मात्र 50 रुपये में गीतकार भरत व्यास को बेचना पड़ा था।

प्रकाश मेहरा ने अपने सिने करियर में 22 फिल्मों का निर्देशन और 10 फिल्मों का निर्माण किया। वर्ष 2001 में प्रदर्शित मुझे मेरी बीवी से बचाओ उनके करियर की अंतिम फिल्म साबित हुई, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। जीवन के अंतिम दिनों में वह अमिताभ बच्चन को लेकर गाली नामक फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन यह सपना अधूरा रह गया। हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में देने वाले प्रकाश मेहरा ने 17 मई 2009 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# नरसिंहपुर में अब तक 21 हजार 632 किसानों से 14 लाख 61 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई

## अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन का कार्य जिले के विभिन्न 69 खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से संचालित है। जिले में 16 मई तक 21 हजार 632 किसानों से 14 लाख 61 हजार क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के बैंक खाते में 190 करोड़ राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष गेहूँ विक्रय किसानों का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से निरंतर प्रक्रियाधीन है। आगामी 23 मई 2026 तक गेहूं की आवक को दृष्टिगत रखते हुये जिले में पर्याप्त वारदानों की व्यवस्था करायी जा रही है। जिससे निर्बाध रूप से उपार्जन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी, तहसीलदार/ नायब तहसीलदार, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य, राजस्व, कृषि, सहकारिता, नॉन एवं वेयरहाऊस के मैदानी अधिकारियों द्वारा लगातार गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/ कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उक्त नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण कर उपार्जन में आने वाली समस्याओं का यथा संभव त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करायें। खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान कुछ खरीदी केन्द्रों में हम्मालों की समस्या एवं तौल कांटे कम पाये जाने संबंधित समस्यायें पायी गयी ऐसे केन्द्रों को सख्त निर्देश दिये गये है कि खरीदी केन्द्र में कम से कम 6 तौल कांटे एवं 50 से 80 हम्मालों की व्यवस्था कर त्वरित गति से उपार्जन कार्य पूर्ण करायें।

जिले के 20 समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेहूँ का ट्रक से परिवहन कराकर गोदामों में सुरक्षित भंडारण कराया जा रहा है जिसके संबंध में जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि प्रतिदिन गेहूँ की परिवहन मात्रा को दृष्टिगत रखते हुये परिवहनकर्ता के माध्यम से पर्याप्त ट्रक लगवाकर शीघ्र परिवहन कराना सुनिश्चित करायें। खरीदी केन्द्रों में स्लॉट बुकिंग अनुसार गेहूँ की ट्रेक्टर ट्राली की अत्याधिक भीड़ के कारण जिन किसानो की स्लॉट की तिथि निकल गयी है ऐसे किसानों के स्लॉट तिथि वृद्धि की कार्यवाही की जा रही है जिसके अनुक्रम में अभी तक 760 किसानों की स्लॉट में वृद्धि कर गेहूँ की खरीदी करायी गयी है साथ ही 718 किसानों के भीड़ वाले केन्द्रों से नजदीकी कम भीड़ वाले केन्द्रों में स्लॉट शिफ्टिंग कराकर गेहूँ खरीदी का कार्य कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान कुछ खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण समय नोडल अधिकारी अनुपस्थित पाये जाने पर ऐसे नोडल अधिकारियों से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। खरीदी केन्द्रों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि उपार्जन के संबंध में शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुये एफएक्यू गुणवत्ता का मानक वजन अनुसार ही किसानों से गेहूँ खरीदी करना सुनिश्चित करायें। किसान भाईयो से भी अपील की गयी है कि अपनी गेहूँ उपज को घर से ही साफ-सफाई कर एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूँ खरीदी केन्द्र में स्लॉट बुकिंग तिथि अनुसार लेकर आयें जिससे कि खरीदी केन्द्र में गेहूँ उपज की खरीदी सहूलियत से सम्पन्न हो सकें।

### अपहृत बच्ची को पुलिस ने 36 घंटे में किया सकुशल बरामद

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के बैढ़न बस स्टैंड से अपहृत 2 वर्षीय मासूम मनीषा सिंह गोड़ को सिंगरौली पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर झारखंड से सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में आरोपी विनोद महतो निवासी लातेहार (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया है। 15 मई की रात बस स्टैंड बैढ़न में सो रहे पिता अर्जुन सिंह की आंख खुली तो उनकी मासूम बेटी गायब थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक षियाज के.एम. के निर्देशन में 10 टीमों की विशेष एसआईटी गठित की गई, जिसमें करीब 150 पुलिसकर्मी लगाए गए। पुलिस ने लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की जांच, साइबर तकनीकी विश्लेषण, बस-ऑटो चालकों से पूछताछ और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी का सुराग निकाला। जांच में पता चला कि आरोपी बच्ची को लेकर झारखंड भाग गया है। पुलिस की विशेष टीमों ने झारखंड के लातेहार जिले में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया और मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस सफल कार्रवाई में थाना बैढ़न, विंध्यनगर, नवानगर, माड़ा, मोरवा, बरगवां सहित साइबर सेल और सीसीटीवी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### महिला ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**31 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित**

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सेंट-आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में महिला ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 14 मई 2026 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 31 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर असेसमेंट ऑफिसर श्रीमती विभा सोनी व श्रीमती प्रियंका पटेल, निदेशक आरसेटी श्रीमती अनामिका मल्ल, संकाय सदस्य श्री आशीष नामदेव व श्रीमती शिखा कुशवाहा, कार्यालय सहायक श्री गगन शर्मा, मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती उषा जैन और प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। प्रशिक्षणार्थियों से कहा गया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने ग्रामों में जाकर स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। बैंकों से अच्छा लेनदेन करें, जिससे समय पर बैंकों के द्वारा सुगमता से स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त हो सके।

## नव प्रयास फाउंडेशन द्वारा निरंतर जल संरक्षण पहल





करेली (स्वतंत्र मत)।

नगर के नव प्रयास फाउंडेशन करेली के द्वारा निरन्तर जल संरक्षण का संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जल बचाओ के साथ बारिश के जल को संचय करने की वाटर हार्वेस्टिंग के द्वारा इसे संचित कर धरती में पहुंचाएं जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा, रिचार्ज फिट, छत के पानी का संचय, सोखता के द्वारा निरन्तर प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। नव प्रयास फाऊण्डेशन द्वारा पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, थाना प्रभारी रत्नाकर हिंग्वे, पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र रघुवंशी, युवा व्यवसायी आदर्श कोहली को भी संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया है। फाउंडेशन के द्वारा पंछी को जल के लिए जल पात्र वितरित किए जा रहे हैं साथ ही सभी पंछिओ के लिए जल दाना के आह्वान किया जा रहा है। लोगो द्वारा इस भीषण गर्मी में जल पात्र रखने की महती आवश्यकता है, निरन्तर गिरते जल स्तर से चिंता व संकट का सामना न करने पड़े, दुनिया में एक परसेंट ही पानी पीने योग्य है, बाकी समुद्री पानी है। जल संकट की स्थिति न बने, इसलिए हम सबको आज प्रयास करते रहना है, वर्षा जल को रोके भविष्य के लिए जल सुरक्षित करें। फाउंडेशन के द्वारा निरन्तर स्टीकर, पंपलेट, जल पात्र, जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। नगर के विभिन्न सामाजिकजनो, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी के द्वारा भी अपील कराई जा रही है।

## महात्मा गांधी महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का अयोजन

करेली (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन नरसिंहपुर एवं जिला उद्योग रोज़गार कार्यालय के द्वारा महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योग विभाग, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग सम्मिलित हुए। इस आयोजन में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों के स्वागत कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सुशीला ममार, जनपद अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, पार्षद श्रीमति राजकुमारी सोनी, संदीप ममार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यूएस परमार, उपप्राचार्य डॉ एके वाजपेयी, जिला रोज़गार प्रभारी अधिकारी एसआर पारासर ने कार्यक्रम में आए छात्र छात्राओं को इस रोजगार मेले के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विभिन्न निजी कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिस के अवसरों की जानकारी दी। 11 कंपनियों द्वारा छात्र-छात्राओं का प्रारंभिक इंटरव्यू एवं चयन प्रक्रिया भी की गई। मेले में युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं, सरकारी सहायता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की भी जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को सीधे कंपनियों से जुड़ने एवं अपने भविष्य को बेहतर दिशा देने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागध्यक्ष डॉ संजीव कुमार चौबे एवं आभार प्राचार्य डॉ यूएस परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए युवा एवं छात्र-छात्राएं

### कौरव सेवा समिति ने किया सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



कौरव सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोज़न बीते रविवार को गाडरवारा के रायल पैलेस में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कौरव समाज के कक्षा 10 वी व 12 वी मध्यप्रदेश एवं सेंट्रल बोर्ड 2026 में 85 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्र छात्राओं, 2025-26 में सरकारी नौकरी प्राप्त सामाजिक युवाओं,नवोदय विद्यालय में चयनित सामाजिक बच्चों सहित न्यू स्टार्ट अप वाले युवाओं सहित कुल 130 प्रतिभाओ का सम्मान स्मृति चिन्ह, भीष्म पितामह चित्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भीष्म पितामह के चित्र का पूजन कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल, डायरी, पैन एवं माला पहनाकर कौरव सेवा समिति के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया ने कहा कि सामाजिक युवाओं के सम्मान की यह पहल सराहनीय है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य प्रहलाद सिंह कौरव एवं राजेंद्र कौरव ने कहा कि कौरव सेवा समिति सामाजिक हित में अनेक उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर रमाकांत कौरव, महेन्द्र कौरव एवं प्रवीण कौरव ने कहा कि कौरव समाज में अनेक प्रतिभाएँ है जिन्हे समाज के बीच जाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन एवं अंत में आभार प्रदर्शन हेमंत कौरव ने किया। इस आयोजन में यशवंत कौरव, अनिल कौरव, सतीश कौरव, सौरभ कौरव, अरविंद ममार, गिरीश पटैल, गजेंद्र कौरव, महेंद्र कौरव,राजेश पटैल, संजय कौरव, सालकराम कौरव,दीपक बड़कुर, लाल साहब कौरव, उमेश कौरव, मनीष ममार, पवन कौरव, प्रदीप कौरव, अमित पटैल, समीर कौरव, संजय कौरव,भानु प्रताप कौरव, ब्रजेश कौरव, मनीष कौरव, हजारी कौरव, दिलीप कौरव, आनंद कौरव, सत्यम तिहैया, रंजीत कौरव सहित कौरव सेवा समिति के समस्त सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## हजरत बरिया वाले बाबा का उर्स 25 मई को



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सर्वधर्म सद्भावना का प्रतीक कौड़िया रोड पर हजरत बरिया वाले बाबा का दरबार धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु है प्रतिवर्ष उनका उर्स मुबारक खुशनुमा अंदाज में अकीदत के साथ भव्यता से मनाया जाता है । आगामी 25 मई को उर्स मुबारक के मौके पर हजरत बरिया वाले बाबा कमेटी की जानिब से शानदार तरीके से कार्यक्रम अयोजित किये जा रहे है। 25मई शाम 5 बजे से लंगर (भंडारा) प्रारंभ हो जाएगा एवं रात 9 बजे से महफिल ए शमा कब्बाली कार्यक्रम होगा जिसमे मशहूर कब्बाल यासिर फैजान हुसैन एंड पार्टी अपने कलाम पेश करेगी । बरिया वाले दरगाह के खादिम युनुस हुसैन ने बताया के हजरत बरिया वाले बाबा का उर्स उनके चाहने वालो व

बुजुर्गाने दीन से निस्वत रखने वाले उत्साह के साथ उर्स मनाने जा रहे । उर्स के मौके पर दरबारी चादर व संदल सुबह 6 बजे किया जाएगा ।

उर्स व कब्बाली प्रोग्राम को लेकर बेहतर तैयारिया की जा रही है आयोजन कमेटी ने सभी लोगो से 25 मई को हजरत बरिया वाले बाबा कौड़िया रोड पवार हाउस के पास निरंजन वार्ड में होने जा रहे उर्स मुबारक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल में श्रमदान एवं विशेष स्वच्छता अभियान



**सिंगरौली।** स्वच्छता पखवाड़ा:2026 के अंतर्गत दिनांक 17.05.2026 को एनटीपीसी विंध्याचल में व्यापक स्तर पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व परियोजना प्रमुख श्री संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, कर्मचारियों, परिवारजनों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों तथा संविदा हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान मंदिर परिसर सहित परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं श्रमदान गतिविधियाँ संचालित की गईं। साथ ही, स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विशेष हाउसकीपिंग गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

### कौशल विकास योजनांतर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग जिला पंचायत नरसिंहपुर ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा कौशल विकास योजनांतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले के युवाओं के लिए विभिन्न ट्रेड के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 12 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। कौशल विकास योजनांतर्गत विभिन्न ट्रेड जैसे कम्प्यूटर हार्डवेयर मरम्मत, टेली, टू व्हीलर/ फोर व्हीलर रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, लेदर, गुड्स, इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जिले के इच्छुक युवाओं से कहा है कि वे विभाग की वेबसाइट में जाकर 12 जून तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

## रोमांचक फाइनल में विंध्याचल वॉरियर्स ने वीपीएल-2026 ट्रॉफी जीती

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)




एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित वीपीएल-2026 (विंध्याचल प्रीमियर लीग) एवं जूनियर वीपीएल-2026 टूर्नामेंट का समापन अत्यंत उत्साह के साथ हुआ। दो सप्ताह तक चले इस क्रिकेट महोत्सव में 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले, जोशीले प्रदर्शन तथा कर्मचारियों, सहयोगियों एवं उनके परिवारों का भरपूर समर्थन देखने को मिला।

वीपीएल-2026 का भव्य फाइनल बेहद रोमांचक रहा, जिसमें विंध्याचल वॉरियर्स ने विंध्याचल स्ट्राइकर्स को अंतिम ओवर में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरियर्स टीम ने शुरुआती झटकों के बाद शानदार वापसी की और अंतिम दो गेंदों पर लगातार दो चौके लगाकर जीत हासिल की।

जूनियर वीपीएल-2026 में विंध्याचल टाइटंस विजेता बने, जबकि रॉयल चैलेंजर विंध्याचल उपविजेता रहे।

पूरे टूर्नामेंट के आँकड़े भी बेहद शानदार रहे। कुल 23 मैचों और 44 पारियों में 3597 रन बने, जिनमें 275 चौके, 157 छक्के और 220 विकेट शामिल रहे। प्रतियोगिता में 6 अर्धशतक, 13 पचास से अधिक रनों की साझेदारियाँ तथा कई बेहतरीन फील्डिंग प्रदर्शन देखने को मिले, जिससे यह टूर्नामेंट यादगार बन गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफएम) एवं अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल), तथा श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी मौजूद रहीं। सभी गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों, अधिकारियों, आयोजन समिति, स्पोर्ट्स काउंसिल, समर्थकों और अभिभावकों को वीपीएल-2026 एवं जूनियर वीपीएल-2026 को सफल बनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# राहगीरी-डे ने जगाई स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना

## मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी के संदेश के साथ स्वच्छ कटनी के संकल्प को मिली नई ऊर्जा





कटनी (स्वतंत्रमत)

रविवार की सुबह एक बार फिर उत्साह, ऊर्जा और जन जागरूकता के रंगों से सराबोर नजर आई, जब नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आयोजित राहगीरी-डे ने स्वच्छता और फिटनेस को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक राहगीरी-डे की नई प्रेरक पहल प्रस्तुत की। नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड प्रवेश द्वार से हाउसिंग बोर्ड मैदान तक आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में शहरवासियों ने खुले आसमान के नीचे स्वच्छता, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है। यही कारण रहा कि राहगीरी डे में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना जगाई। कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, पूर्व विधायक अलका जैन, आयुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, उमेंद्र ओमी अहिरवार, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शशिकांत तिवारी, लव साहू, गोविंद चावला, सीमा श्रीवास्तव, सीमा जैन सोगानी, नगर निगम ब्रांड एम्बेसडर, उपयुक्त शैलेश गुप्ता सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

### फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति दिखा उत्साह

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योग एवं फिटनेस गतिविधियों से हुई, जहां लोगों ने स्वास्थ्य के प्रति सजगता का परिचय दिया। इसके बाद साइकिलिंग, जुंबा, स्केटिंग, रस्साखींच, शतरंज, कैरम, पेंटिंग, रंगोली, सांप-सीढ़ी, पिट्ठू, बोरा दौड़, रस्सीकूद और चम्मच-नींबू दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों एवं मनोरंजक गतिविधियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। तेज संगीत की धुनों पर आयोजित जुंबा सत्र ने युवाओं, महिलाओं सहित बुजुर्गों में विशेष उत्साह भर दिया तथा फिटनेस के साथ मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी के संदेश के साथ स्वच्छ कटनी के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

### मनोरंजन के साथ दिया स्वच्छता जागरूकता का संदेश

राहगीरी-डे का सबसे आकर्षक पहलू यह रहा कि यहां मनोरंजन के साथ स्वच्छता जागरूकता संदेशों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध एवं वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संरक्षण जैसे विषयों पर आयोजित जागरूकता गतिविधियों ने नागरिकों को पर्यावरण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व महापौर प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।वहीं इको ब्रिक्स एवं अनुपयोगी कपड़ों से तैयार थैलों के स्टॉल ने रीसायकल से सृजन की सोच स्वच्छता और जनभागीदारी का बना प्रेरक मंच बनी।

### लोक संस्कृति, कार्टून कैरेक्टर बने आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में गीतांजलि रस कला केंद्र के कलाकारों ने सांस्कृतिक रंग बिखेरे, जबकि कार्टून कैरेक्टर गोरिल्ला ने बच्चों और राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बने। मैजिक एवं म्यूजिकल चेयर शो ने भी उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। सभी आयोजनों में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राहगीरर-डे के आयोजन को यादगार बना दिया।

### तुलसी पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनाए बल्कि नागरिकों को हरित एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करता नजर आया। नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रति रविवार आयोजित किया जा रहा राहगीरी डे अब केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता का सशक्त अभियान बन चुका है। यह आयोजन शहरवासियों को यह संदेश दे रहा है कि जब समाज और प्रशासन साथ मिलकर कदम बढ़ाते हैं।

# अतिक्रमण मुक्त नगर की ओर ऐतिहासिक कदम

## विजयराघवगढ़ में पहली बार गरजा बुलडोजर



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ नगर को व्यवस्थित सुगम और सुंदर बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिली जब नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में नगर के प्रमुख मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए पहली बार बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई से पूरे नगर में हलचल रही और वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था पर प्रशासन ने सख्त संदेश दिया। नगर परिषद द्वारा न्यायालय के आदेश के परिपालन में पूर्व में ही व्यापारियों एवं संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयसीमा पूरी होने के बाद आज प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचा। बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होते ही कई व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और उन्होंने स्वयं ही अपने अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया। नगरवासियों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि लंबे समय से बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा था। सड़कों के संकरे होने से वाहन चालकों राहगीरों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब इस कार्रवाई से मुख्य मार्ग चौड़े और व्यवस्थित होंगे, जिससे यातायात सुचारु होगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। नगर परिषद की यह मुहिम केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं बल्कि एक सुव्यवस्थित स्वच्छ और सुंदर विजयराघवगढ़ के निर्माण की मजबूत शुरुआत मानी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि नगर हित में भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। विजयराघवगढ़ में आज चली यह बुलडोजर कार्रवाई नगर के विकास अनुशासन और सुगम यातायात व्यवस्था की नई इबारत लिखने की ओर बढ़ा एक बड़ा कदम साबित हुई।

# कैंसर मुक्त समाज बनाने का संकल्प

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रयासों से शिविर का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर निरंतर सक्रिय रहने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के अथक प्रयासों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के चलते जिला चिकित्सालय में विशाल नि:शुल्क कैंसर परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। ग्रामीण एवं गरीब परिवारों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके द्वारा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक, पेयजल एवं जनकल्याण से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता लाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने हेतु उनके विशेष प्रयासों से शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर एवं जिला चिकित्सालय के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति स्वस्थ रहे, यही उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग जानकारी के अभाव एवं आर्थिक संकट के कारण समय पर इलाज नहीं करा पाते,



ऐसे में इस प्रकार के शिविर लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने कैंसर मुक्त समाज बनाने का संकल्प दोहराते हुए लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर के प्रमुख कैंसर सर्जन डॉ प्रशांत एवं वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मालती भगत द्वारा मरीजों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ अंकित जैन डिप्टी सीएओ ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। शिविर में एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, भाजपा नेता पद्मेश गौतम, सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, कोऑर्डिनेटर डॉ आर्यन, असिस्टेंट हॉस्पिटल मैनेजर प्रिया घोकले, कविता ओझा एवं मीडिया ऑफिसर अनीता सेन की उपस्थिति रही। शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर की प्रबंधन टीम से डॉ संजय जैन, संजय शर्मा, अजय मौदगिल, हर्ष एवं आदित्य ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शैल्बी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार की सुविधा उपलब्ध है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा।

# सुधीर मिश्रा फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित

कटनी (स्वतंत्रमत)



प्रदेश में उद्योग एवं व्यापार का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्षतम संस्था फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भोपाल के सत्र 2026-28 के चुनाव संपन्न हो गए हैं। इस चुनाव में कटनी के वरिष्ठ व्यवसायी सुधीर कुमार मिश्रा को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है। यह पहला ऐतिहासिक अवसर है जब कटनी जिले को फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। सुधीर मिश्रा के इस निर्वाचन से कटनी के व्यापारिक और औद्योगिक जगत में हर्ष की लहर है। 50 वर्ष से अधिक गौरवशाली इतिहास रखने वाली इस शीर्ष संस्था के चुनाव में सर्वसम्मति से नई टीम का गठन किया गया है, जिसमें: अध्यक्ष हिमांशु खरे जबलपुर, संयुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र पोरवाल रतलाम, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा कटनी, उपाध्यक्ष जयदेव ताम्रकार सतना इसके साथ ही कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। बीते 12 मई 2026 को भोपाल के प्रतिष्ठित होटल कोर्टयार्ड मैरियट में फेडरेशन की वार्षिक साधारण सभा एवं पदभार ग्रहण समारोह बेहद गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने की। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई उद्योग विभाग के मंत्री चेतन कश्यप उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी ने विधिवत अपना कार्यभार संभाला। कटनी जिले के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सुधीर कुमार मिश्रा के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर जिले के विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक और औद्योगिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। स्थानीय संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की हैं। व्यापारियों का मानना है कि महाकौशल और विशेषकर कटनी क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओं और विकास की बात अब प्रदेश स्तर पर और मजबूती से रखी जा सकेगी।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

कटनी (स्वतंत्रमत)

देशभर में हुए नीट पेपर लीक मामले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कटनी द्वारा सुभाष चौक में विशाल मशाल जुलूस निकालकर युवाओं के साथ हुए अन्याय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। हाथों में मशाल एवं तख्तियां लेकर कांग्रेसजनों ने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पेपर लीक जैसी घटनाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि देश के लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम, संघर्ष एवं आर्थिक परेशानियों के बीच अपने भविष्य के सपने संजोकर नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत एवं विश्वास के साथ सीधा अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है तथा युवाओं का भविष्य अंधकारमय बनाया जा रहा है। एड. अमित शुक्ला ने केंद्र सरकार



से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोरतम कार्यवाही करने एवं छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक परीक्षा को प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि लाखों युवाओं के आत्मविश्वास एवं सपनों को भी तोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों एवं न्याय की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता स्थापित करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। मशाल जुलूस के दौरान उपस्थित सभी कांग्रेसजनों एवं वक्ताओं ने एक स्वर में युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से तत्काल सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रियदर्शन गौर, रजनी वर्मा, राकेश जैन कक्का, जालेम यादव, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, अंशु मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, रमेश अहिरवार, रमाकांत दुबे, विजय मंगल चौधरी, मुकेश परोहा, श्याम यादव, ओमप्रकाश मुन्ना कुशवाहा, रणजीत सिंह, प्रहलाद यादव, रविंद्र कुंदरा सुरजीत सिंह, नारायण निषाद आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा में तकनीकी के उपयोग हेतु वार्ड भ्रमण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार डाइट कटनी द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 तक का विषयवार अध्याय वार ई मटेरियल तैयार किया गया है। साथ ही प्रत्येक कक्षा/विषय हेतु क्यू कोड जनरेट किए गए हैं। सावरकर वार्ड में उक्त मटेरियल के उपयोग हेतु पालकों और बच्चों से



मिलकर उन्हें इसकी जानकारी देते हुए उपयोग करना सिखाया गया। जिले के सभी अधिकारियों कर्मचारियों शिक्षकों पालकों और युवा बच्चों से अनुरोध है कि इन वीडियोज को देखकर हमारे सभी बच्चों को इनके उपयोग के लिए प्रेरित करें। शिक्षा में तकनीकी का उपयोग समय की आवश्यकता है। भ्रमण में शिक्षक मंगलदीन पटेल एवं अभिभावक राजा चौधरी और बच्चों के सहयोग के लिए धन्यवाद।

# बच्चे पढ़ेंगे तभी समाज आगे बढ़ेगा : लोकेश लिल्हारे

कटनी (स्वतंत्रमत)

आलोक संघ जिला कटनी के तत्वावधान में रीठी क्षेत्र के ग्राम गुरजी कलां के निजी मैरिज गार्डन में तृतीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से मेधावी छात्र-छात्राओं सहित लोगों की उपस्थिति रही कार्यक्रम की शुरुआत रानी अवन्ति बाई लोधी व स्वामी ब्रम्हानन्द के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई आयोजित कार्यक्रम में 10 वी 12 वी मैं 80 प्रतिशत से अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य समाज के छात्र छात्राओं को मौजूद अतिथियों द्वारा, स्कूल बैग प्रशस्ति पत्र के साथ ही शील्ड व मोमेंट देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि जीएसटी कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चे पड़ेंगे तभी समाज आगे बढ़ेगा अध्यक्षता कर रहे एसके गिरिया ने कहा सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के साथ ही समाज को नशा मुक्त करना भी बहुत जरूरी है। जिला अध्यक्ष लक्ष्मी महतो ने कहा आलोक संघ का समाज सुधार की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेगा मंच का संचालन इंदल पटेल ने किया कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व



जनपद अध्यक्ष शंकर महतो, ओबीसी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश लोधी, ध्रुव सिंह लोधी, आलोक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल, प्रदेश महासचिव धूप सिंह पटेल, पन्त प्रभारी कौशलेंद्र सिंह लोधी, अध्यक्ष लक्ष्मी महतो, महिला जिला अध्यक्ष ममता लोधी, सरक्षक व्रजलाल लोधी, संयोजक लक्षण पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदल पटेल, गोविन्द पटेल, सोना लोधी, प्राचार्य एचएस पटैल, प्राचार्य अमर सिंह पटेल, उपाध्यक्ष रामसुजान पटेल, छेदी लाल पटेल, गायत्री देवी, कोषाध्यक्ष सनत कुमार पटेल, महासचिव अजय कुमार पटेल, कोमल प्रसाद पटेल, दामोदर प्रसाद पटेल, संगठन सचिव भारत सिंह लोधी, गोविंद सिंह पटेल, दशरथ प्रसाद लोधी, मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल, जिला प्रवक्ता संदीप पटेल, कार्यालय सचिव पंकज पटेल सहित लोगों की उपस्थिति रही।

# केन-बेतवा परियोजना प्रभावितों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी एवं किसान परिवारों के समर्थन में तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेसजनों ने कहा कि आदिवासी एवं किसान परिवार लंबे समय से अपने जल, जंगल एवं जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज उठाने वाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, आदिवासियों एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रही है। उन्होंने



कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यदि शीघ्र उक्त प्रकरण वापस नहीं लिए गए तो जिला कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जिला कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष अजय कोल ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से आदिवासी परिवारों के सामने जल, जंगल एवं जमीन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी हुई है। अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष ओमकार सिंह तेकाम ने कहा कि प्रभावित परिवारों को बिना उचित पुनर्वास एवं मुआवजे के विस्थापन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को आदिवासी एवं किसान परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। धरना प्रदर्शन में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष अजय कोल, ग्रामीण अध्यक्ष ओमकार सिंह तेकाम, जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति रंजीत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आफताब अहमद चोखे भाईजान, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, संजय गुप्ता, श्याम यादव, विकास निगम, रमेश मिश्रा, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, शैलेश जायसवाल, अंशुल राजपूत, नीरज अहिरवार, शरद खटीक, मनीष पटेल, राम, पवन साहू, हर्षित मिश्रा उपस्थित रहे।

# लखनऊ और राजस्थान के बीच मुकाबले में जीतने से दिखेगी प्लेऑफ की राह

जयपुर (वार्ता)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण के अंतिम पड़ाव पर राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मंगलवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में जीतने पर ही प्लेऑफ की राह मिलेगी। यहां के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच लीग चरण में दोनों टीमें ऐसी स्थिति में हैं जहां हर मैच का नतीजा उनके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। यह मुकाबला राजस्थान की घरेलू मैदान पर मजबूत पकड़ और लखनऊ की संतुलित टीम के बीच एक रणनीतिक जंग होने की उम्मीद है। ऐसा माना जाता है कि यहां की पिच की बात की जाये तो यह एक ऐसा मैदान जो समझदारी से बल्लेबाजी करने वालों को पुरस्कृत करता है। मध्य ओवरों में स्पिनरों को मदद देती है, जबकि बल्लेबाजों के सेट होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है। यहां शॉट लगाने के लिए सिर्फ ताकत की नहीं, बल्कि धैर्य जरूरी है। हालांकि, अगर पिच रोशनी में धीमी हो जाती है तो लक्ष्य का पीछा करना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है।

### आरआर की बल्लेबाजी उसकी सबसे बड़ी तातक

आरआर की बल्लेबाजी उसकी सबसे बड़ी तातक रही है। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और कप्तान रियान पराग के आस-पास दिखाई देती है। गेंदबाजी की अगुवाई कमान जोफ्रा आर्चर कर रहे है। गेंदबाजी की बात करें तो, आरआर का स्पिन आक्रमण उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा होगा। जयपुर की पिच अक्सर धीमी गति के गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, और रॉयल्स डॉट गेंदों और नियंत्रित विविधताओं के जरिए दबाव बनाकर इस लाभ का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।




### लखनऊ की सबसे बड़ी ताकत संतुलित बल्लेबाजी

वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स इस मैच में अनुभवी और युवा प्रतिभाओं से युक्त एक सुव्यवस्थित टीम के साथ उतर रही है। उनकी सबसे बड़ी ताकत विभिन्न विभागों में संतुलित बल्लेबाजी है, जो उन्हें हराना मुश्किल बनाती है। एलएसजी की बल्लेबाजी शुरुआती ओवरों में अच्छी शुरुआत देने और जल्दी विकेट गिरने से बचने का प्रयास करेगी। उनके शीर्ष क्रम को मध्य ओवरों में तेजी से खेलने से पहले नई गेंद का सावधानीपूर्वक सामना करना होगा। जयपुर की धीमी पिच पर जल्दी से तालमेल बिठाना महत्वपूर्ण होगा। उनका गेंदबाजी आक्रमण, विशेष रूप से तेज गेंदबाज, राजस्थान को शुरुआती ओवरों में रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हालांकि, स्पिनरों को भी मध्य ओवरों में रन प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### जॉश और मिचेल मजबूत शुरूआत दिलाने में माहिर

राजस्थान के खिलाफ एलएसजी के दो अनुभवी खिलाड़ी जॉश इंग्लिस और मिचेल मार्श शुरुआत करने के लिए उतर सकते हैं. दोनों ही बल्लेबाज टीम के मजबूत शुरूआत दिलाने में माहिर हैं। एलएसजी की संतुलित बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई तेज गति का जोरदार आक्रमण विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की क्षमता दबाव वाली स्थितियों में संयमित दृष्टिकोण अपनाना वे महत्वपूर्ण मुकाबले जो मैच का नतीजा तय कर सकते हैं।

### लखनऊ के भरोसेमंद खिलाड़ी निकोलस पूरन

तीसरे नंबर पर लखनऊ के भरोसेमंद खिलाड़ी निकोलस पूरन मौजूद रहेंगे. वह 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं, और तेजी से रन बटोरने में सक्षम हैं। मध्यम क्रम में कप्तान ऋषभ पंत और पांचवें पर एडन मारक्रम पर जिम्मेदारी होगी। पंत टीम की रीढ़ की हड्डी है. हालांकि, पूरे टूर्नामेंट में वह अपनी खराब फॉर्म के साथ कप्तानी को लेकर भी आलोचनाओं का सामना करते रहे हैं. लेकिन अब उम्मीद की जा रही है अंत में वह बल्ले से कमाल कर सकते हैं। इसके बाद छठें पर मुकुल चौधरी और सातवें पर शाहबाज अहमद मोर्चा संभालेंगे. मुकुल लखनऊ के दाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।

### हर टीम पर बढ़ता जा रहा है दबाव

आईपीएल 2026 का लीग चरण जैसे-जैसे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है, हर टीम पर दबाव बढ़ता जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करना चाहेगी, वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स अपनी निरंतरता बनाए रखने और अंक तालिका में नीचे खिसकने से बचने का प्रयास करेगी। टूर्नामेंट के इस चरण में लय का होना बेहद महत्वपूर्ण है। यहां जीत दोनों टीमों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने और प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

# पहलवान महेंद्र गायकवाड़ पृथ्वीराज मोहोल को हराकर हिंद केसरी बने

कोल्हापुर, सतारा (वार्ता)।

महाराष्ट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर हिंद केसरी का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिष्ठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। हिंद केसरी खिताब के लिए एक फ़ाइनल कुश्ती मुक़ाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुक़ाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफ़री ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोषित किया।



महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर महिला हिंदी केसरी का खिताब जीता। हिंद केसरी खिताब की चैंपियन गायकवाड़ को एक नई थार कार, एक सिल्वर गदा (गड़ा) और 20 लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। उप विजेता मोहोल को एक ट्रैक्टर मिला।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े




धर्मशाला (वार्ता)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गये मुकाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढे है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किंग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीज़न इकॉनमी 7.70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9.50 की इकॉनमी से रन ख़र्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीज़न 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ़्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए। दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ष दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए।

# इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब



**पेन्सिलवेनिया (वार्ता)।** इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है। वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है। और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है। पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला। वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे। 17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा सबसे लंबा पुट था - जीत लगभग पक्की कर दी। इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली। यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे - से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। राय ने कहा, यह बहुत अजीब है, जिन्हें इस साल गर्दन की चोट के कारण कई बार अभ्यास करने में दिक्कत हुई है।

# नेपाल ने क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया

कीर्तिपुर (वार्ता)।


ललित राजबंशी (चार विकेट), संदीप लामिछाने (तीन विकेट) के बाद कप्तान रोहित पौडेल (74) और इशान पांडे (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत नेपाल ने स्कॉटलैंड के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ नेपाल ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 स्टैंडिंग में अहम बढ़त हासिल करते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

आज यहां आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 के लिए एक अहम क्वालीफिकेशन लीग 2 में नेपाल ने जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन नेपाल के गेंदबाजों ने तुरंत उन पर दबाव बना दिया। ललित राजबंशी और संदीप लामिछाने ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने मिलकर सात विकेट लिए। राजबंशी ने 4/32 के शानदार प्रदर्शन के साथ मैच खत्म किया, जबकि लामिछाने ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे स्कॉटलैंड 194 रन पर आउट हो गया। ब्रैंडन मैकमुलेन ने 44 गेंदों पर 73 रन बनाकर टॉप स्कोर किया, जबकि माइकल इंग्लिश (51) पचास रन का आंकड़ा पार करने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज थे। नेपाल ने आक्रामक शुरुआत की, जिसमें कुशल भुर्टेल



और आसिफ शेख ने सिर्फ 6.3 ओवर में 58 रन जोड़े। स्कॉटलैंड ने पांच गेंदों के अंदर दोनों ओपनर को आउट करके कुछ समय के लिए वापसी की, लेकिन ईशान पांडे (55) और कप्तान रोहित पौडेल ने 104 रन की अहम पार्टनरशिप करके नेपाल को जीत के करीब पहुंचा दिया। मार्क वॉट ने पारी के आखिर में दो जल्दी विकेट लिए लेकिन नतीजा नहीं बदल सके क्योंकि पौडेल के नाबाद 74 रन ने नेपाल को छह विकेट से जीत दिलाई। आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, नेपाल ने यूएई और ओमान के साथ घरेलू ट्राई-सीरीज़ में भी अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा। नेपाल ने सीरीज़ में अपने चार में से तीन मैच जीते, जिससे अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़िकेशन की रेस में उन्हें काफ़ी बढ़ावा मिला।

# रॉयल एनफील्ड आंध्र प्रदेश में लगाएगी नया प्लांट



**चेन्नई (वार्ता)।** रॉयल एनफील्ड आंध्र प्रदेश में एक नया कारखाना लगाने के लिए जमीन खरीदने और ग्रीनफील्ड फैसिलिटी के लिए ज़मीन का एक पार्सल खरीदने की तैयारी में है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश में नये कारखाने के लिए लगभग 2,500 करोड़ रुपये की निवेश की योजना बनायी जा रही है। कंपनी के निदेशक मंडल से मंज़ूरी मिलने पर, इस प्रोजेक्ट को भविष्य की मांग और बाज़ार की स्थितियों के हिसाब से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। अभी, कंपनी की क्षमता हर साल लगभग 14.6 लाख मोटरसाइकिल बनाने की है, जो लगभग पूरी तरह इस्तेमाल हो चुकी है। रॉयल एनफील्ड मध्यम क्षमता वाली मोटरसाइकिल बाजार में दुनिया का नंबर एक ब्रांड है। कंपनी ने इसी साल फरवरी में चेय्यार ( तमिलनाडु ) में क्षमता बढ़ाने के लिए 958 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिससे कुल क्षमता 20 लाख यूनिट तक बढ़ जाएगी। आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी बी. गोविंदराजन चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर - रॉयल एनफील्ड ने कहा, रॉयल एनफील्ड का आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित नये निवेश से हमारे अगले दौर की वृद्धि को बल मिलेगा।

# गिरावट से उबरे प्रमुख सूचकांक

## आईटी कंपनियों के शेयर चढ़े

मुंबई (वार्ता)। रुपये में जारी गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बिकवाली हावी रही, हालांकि आईटी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 77.05 अंक (0.10 प्रतिशत) बढ़कर 75,315.04 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहने के बाद 6.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत ऊपर 23,649.95 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपये में जारी नरमी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कचे तेल में तेजी से बाजार में निवेश धारणा कमजोर रही। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 58 पैसे टूटकर 96.39 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं, कचा तेल एक प्रतिशत चढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 430 अंक की गिरावट में खुला और सुबह के समय ही 1,057 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक उतर गया था।



हालांकि आखिरी आधे घंटे में हुई लिवाली से सूचकांक में तेजी लौट आयी। वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया। आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी रही और इसका सूचकांक 2.43 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा, स्वास्थ्य और निजी बैंकों के समूहों में भी बढ़त रही। सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,414 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,381 के शेयर टूट गये और 940 के बढ़त में रहे। अन्य 93 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 4.39 प्रतिशत चढ़ा। इंफोसिस में 2.15 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 1.76, बजाज फिनसर्व में 1.52, सन फार्मा में 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.24, बजाज फाइनेंस में 1.15 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.14 प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस, बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। टाटा स्टील में 3.21 प्रतिशत की गिरावट रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.07 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 2.38, एनटीपीसी का 1.86, ट्रेंट का 1.68, मारुति सुजुकी का 1.60 और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.26 प्रतिशत टूट गया। इंडिगो, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एक्सिस बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंग सेंग 1.11 फीसदी, जापान का निक्केई 0.97 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.09 फीसदी की गिरावट में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.83 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46 प्रतिशत ऊपर रहा।

# पहली बार 96 प्रति डॉलर के पार बंद हुआ रुपया

मुंबई (वार्ता)।

रुपये में गिरावट का क्रम सोमवार को भी जारी रहा और पहली बार बाजार बंद होते समय एक डॉलर 96 रुपये के ऊपर बोला गया। अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 39 पैसे टूटकर 96.20 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो इसका अब तक का निचला बंद भाव है। इससे पहले, बीच कारोबार में यह 96.3950 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया था। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 38 पैसे नीचे 96.19 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सुबह के कारोबार में यह ऊपर 96.12 रुपये प्रति डॉलर तक गया, लेकिन फिर दबाव में आ गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कचे तेल में तेजी से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला।



# बैंक ऑफ इंडिया ने मध्यम और दीर्घकालिक एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाईं



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार से एक साल से अधिक और तीन साल तक की अवधि वाली सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरें बढ़ाने की घोषणा की है। बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नयी दरें 18 मई से प्रभावी होंगी। एक साल से अधिक और दो साल से कम की अवधि की एफडी पर अब 6.50 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलेगा। बैंक ने दो साल से लेकर तीन साल से कम की अवधि के लिए 6.60 प्रतिशत और तीन साल के लिए 6.70 प्रतिशत ब्याज दर करने की घोषणा की है। उसने बताया है कि वरिष्ठ नागरिकों और अति वरिष्ठ नागरिकों को छह महीने से तीन साल से कम की परिपक्वता वाली जमा राशि पर अतिरिक्त 0.50 प्रतिशत और 0.65 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज का लाभ मिलेगा। तीन साल और उससे अधिक समय अवधि की जमा राशियों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों और अति वरिष्ठ नागरिकों को लागू ब्याज दर पर क्रमश: 0.75 प्रतिशत और 0.90 प्रतिशत प्रति वर्ष का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इसके अलावा, एक करोड़ रुपये से अधिक और कम से कम एक साल की नॉन-कॉलेबल एफडी पर 0.15 प्रतिशत प्रति वर्ष का अतिरिक्त ब्याज भी मिलेगा।

# चावल, गेहूं में तेजी, चीनी नरम- दालों, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गयी। चीनी में गिरावट रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 35 रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,777 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 55 रुपये और मसूर दाल की 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। वहीं, मूंग दाल 39 रुपये और उड़द दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

# निर्यात में वृद्धि आत्मनिर्भरता की पहचानः गोयल

## पांच साल में सालाना 2000 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य

**नयी दिल्ली(वार्ता)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निर्यात कारोबार को आत्मनिर्भरता की एक पहचान बताते हुए सोमवार को कहा कि देश का निर्यात अगले पांच वर्षों में 2000 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है और चालू वित्त वर्ष में कुल निर्यात 1000 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। श्री गोयल ने निर्यात कारोबार में विस्तार को आत्मनिर्भर भारत की सची पहचान बताते हुए कहा कि वस्तु और सेवा, दोनों क्षेत्रों में भारत में वृद्धि हुई है जो मौजूदा वैश्विक माहौल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वह यहां भारत मंडपम में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव की वेबसाइट जारी करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। अमेरिकी आयात शुल्क की कार्रवाइयों और वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2025-26 में निर्यात 863 अरब डॉलर तक पहुँच गया जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। श्री गोयल ने सभी हितधारकों से भारतीय व्यापार महोत्सव को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया और इस कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। भारतीय



व्यापार महोत्सव 12 अगस्त से 15 अगस्त, 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

निर्यात क्षेत्र को सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि निर्यात का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में जो व्यापार समझौते किये हैं उनमें लगभग 38 विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार व्यवस्था की दिशा में प्रयास किए गए हैं। इन समझौतों से बड़े बाज़ारों तक विशेष पहुँच मिलेगी, जहाँ भारतीय सामान प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कम आयात शुल्क पर बेचे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि ये समझौते धीरे-धीरे लागू होंगे। उन्होंने बताया कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता जून से लागू हो सकता है,और अन्य समझौते कागज़ी कार्रवाई की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद लागू कर दिये जाएंगे।

श्री पीयूष गोयल ने सभी संबंधित पक्षों से आग्रह किया कि वे वाणिय मंत्रालय के ट्रेड पोर्टल के माध्यम से आयात के रुझानों का अध्ययन करें और घरेलू विनिर्माण तथा आयात के विकल्प तलाशने के अवसरों की पहचान करें। उन्होंने कहा कि भारत अभी भी पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में विदेशी देशों पर बहुत अधिक निर्भर है। उन्होंने राजकोट, जालंधर, लुधियाना, बटाला और पुणे जैसे औद्योगिक केंद्रों से आह्वान किया कि वे आयात पर निर्भर रहने के बजाय घरेलू उत्पादन बढ़ाएँ।

देश में अब चिकित्सा उपकरणों के बढ़ते विनिर्माण और विशेष रूप से विशाखापत्तनम में निर्मित एक सीटी स्कैन मशीन का ज़िक्र करते हुए वाणिय मंत्री ने कहा कि भारत में बने उत्पादों को ज़्यादा अपनाने से उनकी मांग बढ़ेगी और उत्पादन का पैमाना भी विस्तृत होगा। उन्होंने आयोजकों से आग्रह किया कि वे देश भर से विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को भारतीय व्यापार महोत्सव में आमंत्रित करें। इस कार्यक्रम में 1,000 व्यवसायों की भागीदारी का ज़िक्र करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि हर राय से 25 महिला उद्यमियों को आमंत्रित किया जाए, जिससे अकेले ही लगभग 700-750 प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे।

# काम को समझें फिर टीम से बेहतर समन्वय करें: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने निगम, मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनेकता में एकता ही हमारी ताकत है। हम योग्यता का सम्मान करना जानते है इसीलिए योग्यता के आधार पर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का उद्धरण दोहराते हुए कहा कि राजनीति और प्रशासन का एकमात्र ध्येय जनकल्याण होना चाहिए। राजनीतिक जीवन में नैतिकता और शुचिता बेहद जरूरी है। हमें स्व. वाजपेयी के आदर्शो पर चल कर देश और प्रदेश की सेवा करनी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में प्रदेश के विभिन्न निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग एवं प्राधिकरणों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया।

### उपलब्ध संसाधनों का उत्कृष्ट नियोजन करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निगम मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सेवा ही हमारा परम धर्म है। हमें परमेश्वर ने जनसेवा का अवसर दिया है इसीलिए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी प्रशासनिक दक्षता, पूर्ण क्षमता, निष्ठा और सेवा भावना से काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आप सब सरकार का अभिन्न अंग है। आपके काम से ही सरकार की समाज और नागरिकों में साख बनेगी। इसीलिए पहले अपने काम को अच्छी तरह से समझें, विभागीय नीतियों और नियमों का समुचित अध्ययन करें। अपने उपलब्ध संसाधनों का उत्कृष्ट नियोजन करें और बेहतर तालमेल एवं सामंजस्य से अपने दायित्व का निर्वहन करें।

### आय के नये स्त्रोत सृजित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन एक बड़ी चुनौती होती है। इसके लिए वित्तीय अनुशासन लाना, फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाना और नवाचारों से आय के नए स्त्रोत सृजित करना जरूरी है। नवनियुक्त पदाधिकारी संस्थान के अधिकारियों के साथ टीम भावना से काम करें और निगम मंडल में अनुशासन के लिये स्व-अनुशासन में रहें और नियमित मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में हम सबको नागरिकों की सेवा करते हुए प्रदेश को विकसित और भारत का सबसे बेहतर राज्य बनाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### तकनीक का इस्तेमाल सुशासन के लिये करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में तकनीक का इस्तेमाल सुशासन का बड़ा आधार बन चुका है। हमें अपने काम-काज में डिजिटल गवर्नेंस, डाटा आधारित निर्णय, तकनीक संचालित निगरानी और सेवा वितरण की पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्य/अधिकार क्षेत्र में डिजिटल प्रणाली का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया से जुड़ें और सरकार की उपलब्धियों में सहभागी बनें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. दीक्षित ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुलसी का पौधा भेंट कर संस्थान की ओर से स्वागत किया।



# चिकित्सा व्यवसाय नहीं, मानव सेवा का है माध्यम : डॉ. यादव

## स्वास्थ्य विभाग एवं सेवांकुर भारत प्रकल्प के बीच हुआ एम.ओ.यू.

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मरीज की चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा का एक माध्यम है। हमें ऐसे चिकित्सक तैयार करने है, जो मानव सेवा और मरीज की सेवा के लिये तत्पर हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित एक समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग तथा सेवांकुर भारत, डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान, छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। एमओयू की अवधि 5 वर्ष की है। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को सेवा-प्रधान स्वास्थ्य नेतृत्व का मॉडल राज्य बनाना है। एमओयू का मुख्य लक्ष्य सेवा-प्रधान डॉक्टरों की ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो व्यवसायिक ही नहीं, समाज में परिवर्तन के वाहक भी बनें। यह एमओयू अनुभव-आधारित शिक्षण व मूल्य-आधारित नेतृत्व विकास अर्थात् सेवा के जरिये सीखने के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें एक सप्ताह देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों को छत्रपति संभाजीनगर में गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के बाद निरंतर सहभागिता के लिए अनुभव साझा सत्र एवं व्यक्तित्व विकास शिविर भी आयोजित किये जायें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित सेवांकुर भारत प्रकल्प के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1989 में समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों द्वारा की गई थी। विगत तीन दशकों में संस्था ने 70 लाख से अधिक वंचित एवं जरूरतमंद रोगियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं करुणामय चिकित्सा सेवा प्रदान की है। संस्था का केंद्र बिंदु डॉ. हेडगेवार रुग्णालय, छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) है, जो सेवाभाव, सादगी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के साथ आम जन तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है।

## शीतला माता मंदिर को चण्डी माता मंदिर से जोड़ने वाली गली कचरे के ढेर से पटी

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर पालिका द्वारा समग्र स्वच्छता अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु जगह-जगह पोस्टर, बैनर और दीवार लेखन कराए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। नगर की प्रमुख सड़कों, कुलियों, गलियों, चौराहों और नालियों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। मुख्य मार्गों पर तो कचरा गाड़ियां नियमित चक्कर लगाती नजर आती हैं लेकिन अंदरूनी गलियों और कुलियों में सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है।

नगर के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर को चण्डी माता मंदिर से जोड़ने वाली विजय सोनी डिस्क वालों की कुलिया इन दिनों कचरे से पूरी तरह पटी पड़ी है। इस संकरी गली में आसपास के घरों का कचरा खुलेआम फेंका जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग दो प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ता है, इसके बावजूद यहां कचरा फेंकने से लोग परहेज नहीं कर रहे हैं।

रामगोपाल जी वार्ड में बजाज जी के घर के पास स्थित विजय सोनी की कुलिया के आसपास नाली की सफाई भी लंबे समय से नहीं हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कचरा गाड़ी प्रतिदिन आती तो है लेकिन नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा और न ही झाड़ू लगाई जा रही है जिससे क्षेत्र में बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए तथा कचरा गाड़ियों का संचालन नियमित और प्रभावी बनाया जाए ताकि नगर में स्वच्छता व्यवस्था सुधर सके।

## जनजातीय अंचलों में विकास और अधिकारिता का महाअभियान जन भागीदारी सप्ताह 25 मई तक

दमोह (स्वतंत्र मत)



जनजातीय समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को गति देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से दमोह जिले में 18 से 25 मई तक जन भागीदारी सप्ताह का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जिले के पीएम जनमन एवं अन्य चिन्हित जनजातीय ग्रामों में विशेष रूप से संचालित किया जाएगा। अभियान के संबंध में जिला कलेक्टर प्रताप नारायण ने अधिकारियो से कहा शासन की मंशानुसार सभी संबंधित विभाग कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा 19 मई से 25 मई तक ग्राम स्तर पर प्रतिदिन संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सिकल सेल एनीमिया जांच, आयुष्मान कार्ड, पोषण परामर्श, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा दस्तावेज सत्यापन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। 20 मई को ग्राम सहभागिता अभियान एक ग्राम संपर्क गतिविधि आयोजित होगी जिसके अंतर्गत अधिकारीए आदि कर्मयोगी एवं गैर-सरकारी संगठन ग्रामों का भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान ग्रामों की आधारभूत सुविधाओंए विकास कार्यों एवं योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 21 मई से 23 मई तक एएसके के माध्यम से प्रतिदिन विशेष जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। इन जन सुनवाई कार्यक्रमों में वन अधिकार अधिनियम आवास, पेयजल, बिजली, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य, राशन एवं अन्य जनममस्याओं से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। 24 मई को अभियान के दौरान प्राप्त उपलब्धियों, शिकायतों एवं निराकृत मामलों का प्रलेखन किया जाएगा। अभियान के समापन अवसर पर 25 मई को जिला कलेक्टर, पीओ-आईटीडीए एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इस दौरान अभियान की उपलब्धियोंए चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना पर नर्चा की जाएगी।

## पुरुषोत्तम माह में निःशुल्क प्रसाद वितरण

**दमोह।** पुरुषोत्तम माह पर धर्म एवं सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पंडित कमलेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार बेलाताल टापू द्वारा रेलवे स्टेशन दमोह पर प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण की व्यवस्था की गई है। इस सेवा कार्य के अंतर्गत 17 मई से 15 जून तक प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से जरूरतमंदों, यात्रियों एवं आमजन के लिए निःशुल्क प्रसाद उपलब्ध कराया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम माह में सेवा, दान और धर्म का विशेष महत्व होता है। इसी भावना के साथ यह निरंतर भोजन सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा कार्य में कमलेश्वरानंद महाराज एवं श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार, श्री शिव साईं धाम वेलाताल टापू दमोह की प्रमुख भूमिका रही।

## जल्द क्षेत्र को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने की उम्मीद : पटैल



दमोह (स्वतंत्र मत)

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त विकास गुप्ता से भेंट कर पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने राज्यमंत्री श्री पटेल का अवगत कराया कि स्वीकृति हेतु अपेक्षित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्ताव सकारात्मक रूप से प्रक्रियाधीन हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पथरिया के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की अपेक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शीघ्र ही पथरिया को केंद्रीय विद्यालय की सौगात प्राप्त होगी जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।

# आजीविका मिशन अंतर्गत योजनाओं का वित्तीय प्रबंधन करें बेहतर : मंत्री पटेल

## संविदा कर्मियों के लिए समान कार्य-समान वेतन का हो निर्धारण, पदों का करे युक्तियुक्तकरण

भोपाल (स्वतंत्र मत)



पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन फोरम की शासी निकाय की बैठक ली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विगत बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों के एचआर मैनुअल पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग में समान कार्य के लिए समान वेतन का निर्धारण किया जाए और आवश्यकतानुसार पदों का युक्तियुक्तकरण भी किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने योजनाओं के बेहतर वित्तीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही, जिससे क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध रहे और विभाग की देयताएं (लायबिलिटी) कम हो सकें। बैठक में मंत्री श्री पटेल ने जनोपयोगी सुविधाओं के लिए वन भूमि के उपयोग की अनुमति देने वाले नए वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप एफआरए लैंड डायवर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पारदर्शी, सुगम और त्वरित प्रक्रिया से वन भूमि पर रहने वाले अनुसूचित जनजाति के कृषकों और मजदूरों को बड़ी सुगमता होगी। इसके साथ ही, प्रदेश के 52 जिलों में स्थापित 85 आजीविका पुस्तकालयों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन केंद्रों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से स्किल ट्रेनिंग देने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा और अन्य आवश्यक कौशलों में प्रशिक्षित करने के लिए केंद्रीकृत वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना 2.0 के तहत वर्तमान बाजार की मांग के अनुसार स्किल्स की पहचान करने और स्किल गैप एनालिसिस के आधार पर ही नवीन परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए नई टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना की सफलता की कहानियों को बुकलेट, फ्लेक्स और फिल्मों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एमपीएसईडीसी के माध्यम से फंड फ्लो की डिजिटल मॉनिटरिंग के लिए बनाए जा रहे पोर्टल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए त्वरित कार्य करें। 5 हेक्टेयर से ऊपर के तालाबों की सूची तैयार करें और आवश्यकता के आधार पर अधूरे कार्यों को पूरा करें। 1 जुलाई से विकसित भारत - जी-राम-जी के तहत सभी निर्माण कार्य होने हैं इसलिए पूर्व से कार्य योजना तैयार रखें।इसमें विस्थापन के कारण शिफ्ट हुए परिवारों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें इस योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर करें कार्य : तोमर

## सोलर चाचा एवं मेरा सोलर-बड़ा होनहार अभियान का हुआ शुभारंभ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आज की महती आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर कार्य करने को कहा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिये महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये सभी बैंकर्स और सोलर एनर्जी सेक्टर में कार्य करने वाले वेंडर्स से समन्वय पूर्वक कार्य करने का आग्रह किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित व्हाट्सपेए चेटबॉट, सोलर चाचा और मेरा सोलर-बड़ा होनहार प्रचार अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं कॉउंसिल ऑफ एनर्जी एन्वायरमेंट एंड वॉटर के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रारंभ किये गये चेटबॉट और प्रचार अभियान से निश्चित की जनता लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जितना अधिक प्रचार-प्रसार होगा उतना ज्यादा लाभ जनता को भी मिलेगा। इससे अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ आम नागरिकों को आर्थिक लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 18/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बेनी रजक पिता श्री हेमराज रजक ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक म.नं. 2097/1ए हनुमान मंदिर के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000390211 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. पर निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री संजय गिरी पिता श्री रतन गिरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 18/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमन दीप बुधिराजा पिता श्री सत्यपाल बुधिराजा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ख.नं.136/5 का भाग गौरीघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380967 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1480 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती ज्योति गुलाटी पति श्री रजनीश कुमार गुलाटी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 18/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमन दीप बुधिराजा पिता श्री सत्यपाल बुधिराजा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ख.नं.136/5 का भाग गौरीघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382727 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 3095 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री रजनीश कुमार गुलाटी पिता श्री इंन्द्र प्रकाश गुलाटी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 18/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दीप शिखा धारू पति श्री क्षितिज धारू (2) श्री क्षितिज धारू पिता श्री किशन लाल धारू ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट क्र. 184 शिव मंदिर के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003041910 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1172 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. प्रथम तल 900 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री हेमन्त कुमार मूलचंदानी पिता श्री परसराम मूलचंदानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर**

## ➢ घमापुर के शीतलामाई मंदिर क्षेत्र के समीप की घटना



# युवक का मोबाइल लूट ले गये बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर थानातंर्गत शीतलामाई मंदिर के समीप एक्सिस सवार दो बदमाश एक युवक को झपट्टा मारकर उसका कीमती मोबाईल ले उड़े। दिनदहाड़े हुई उक्त वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।पुलिस ने बताया कि अच्छे मियां का बाड़ा निवासी 27 वर्षीय प्रकाश राजपूत महाधिवक्ता कार्यालय में काम करता है। बीते दिवस दोपहर ढाई बजे वह अपने घर से किराना का सामान लेने शीतलामाई मंदिर की ओर जा रहा था। उसने बात करने के लिये मोबाईल निकाला, तभी एक्सिस में सवार व्यक्ति पहुंचा और झपट्टा मारकर उसका ओप्पो कंपनी का मोबाईल ले भागा।

## ➢ गोरखपुर की रामपुर कालोनी में वारदात

# सूने घर पर चोरों का धावा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थानातंर्गत रामपुर की एनएफडी गॉंर्ड कालोनी के एक सूने घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर जेवर, नगदी और कीमती समान पार कर दिया। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित सपरिवार अपनी ससुराल सिवनी गया हुआ था। पुलिस ने बताया कि एनएफडी गॉर्ड कालोनी निवासी 29 वर्षीय अंकित कुमार साहू एमपीईबी में नौकरी करता है। 16 मई की रात वह अपनी ससुराल नागनदेवरी जिला सिवनी गया हुआ था। बीती रात उनकी पड़ोसी पूजा सिंह ने घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी।





# आसमान से बरसी आग, दर्ज हुआ अबतक का सबसे गर्म दिन

### तापमान में और वृद्धि होने के संकेत

### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




एआई फोटो

संस्कारधानी में सोमवार को सूरज के तीखे तेवरों ने आम जनजीवन को झकझोर कर रख दिया। सोमवार को इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया, जिसने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड को खतरे में डाल दिया। दोपहर होते-होते आसमान से बरसती आग और थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के मुताबिक, शहर का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस के खतरनाक आंकड़े को पार कर गया। वहीं न्यूनतम तापमान 28.8 दर्ज किया गया। सुबह नौ बजे से ही शुरू हुई तल्ख धूप दोपहर होते-होते झुलसाने वाली लू में तब्दील हो गई, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

### कुछ दिन और राहत मिलना मुश्किल

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो फिलहाल इस भीषण गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। आने वाले दिनों में भी मौसम पूरी तरह से शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। 6 किलो मीटर की रफ़्तार से आ रही पश्चिमी हवाओं ने शहर को तंदूर में तब्दील कर दिया है। रात के तापमान में भी भारी उछाल आया है, जिससे लोगों को चौबीसों घंटे चैन नहीं मिल पा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आगामी कुछ दिनों तक लू का प्रकोप ऐसा ही बना रहेगा, इसलिए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

### हीट स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

इस रिकॉर्डतोड़ गर्मी का सीधा असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में अचानक मरीजों की तादाद बढ़ गई है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और तेज बुखार के साथ सर्दी होने के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बहुत जरूरी होने पर ही दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच घरों से बाहर निकलें लगातार पानी, ओआरएस घोल, नींबू पानी या छाछ का सेवन करते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। फिलहाल, शहर वासियों को मानसून की फुहारों का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए अब केवल कुदरत ही एकमात्र सहारा नजर आ रही है।



## चापड़ा में स्थापित किया गया अधिक क्षमता का कैपेसिटर बैंक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तपग पावर ट्रांसमिशन कंपनी के टेस्टिंग टीम इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता और संसाधनों के बेहतर उपयोग करते हुए 220 केवी सबस्टेशन चापड़ा मे पुराने 5 एमवीएआर कैपेसिटर बैंक के सिविल फाउंडेशन पर ही नया 12 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक स्थापित कर ऊर्जीकृत करने का कार्य किया है। अधीक्षण अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि इस चौथे कैपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद चापड़ा (उज्जैन) सबस्टेशन मे कैपेसिटर बैंक की क्षमता बढ़कर 48 एमवीएआर हो गई है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी एवं उपभोक्ताओं का बेहतर गुणवत्ता की बिजली प्राप्त हो सकेगी ।

# अभियान चलाकर 'जिनसार' के विद्यार्थियों ने आमजन को हाई बीपी के प्रति किया जागरूक

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विक्टोरिया अस्पताल में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर 18 मई को प्रातः 11 बजे से विक्टोरिया अस्पताल में जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस एंड रिसर्च (जिनसार ) के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में कंट्रोलिंग हाइपरटेंशन टुगेदर थीम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन में उच्च रक्तचाप की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान एवं प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम विक्टोरिया अस्पताल के सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी की अनुमति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित कर नियमित रक्तचाप जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उच्च रक्तचाप से होने वाली जटिलताओं एवं उनके बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

***स्वस्थ जीवनशैली अपनाने किया प्रेरित***- बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य वार्ता एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ तथा उपस्थित लोगों में उच्च रक्तचाप की रोकथाम एवं नियंत्रण संबंधी ज्ञान में वृद्धि हुई। कार्यक्रम का सफल समन्वयन सुश्री ऋषिका कोठारी एवं आशीष दाऊद द्वारा किया गया, जिसमें बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों एवं अस्पताल प्रशासन से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस



**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जबलपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में विशाल मसाल जुलूस निकाला गया, जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा साथी छात्र,एवं आम जन शामिल हुए। मसाल जुलूस कांग्रेस नेता प्रकाश कुररिया के कार्यालय के सामने से प्रारंभ होकर बाबा ताल बस स्टैंड होते हुए थाने के सामने समाप्त हुआ , इस दौरान केंद्र सरकार एवं परीक्षा प्रणाली मैं हुई गड़बड़ियों के विरोध में नारेबाजी की गई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल ने बताया कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वनीयता पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगा है। युवाओं की भविष्य की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर राजेश चौबे,आलोक पांडे, लाल बहादुर पाठक, शिवकुमार गर्ग, संतोष पांडे इत्यादि ने थाना प्रभारी सिहोरा को राष्ट्रपति के नाम दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया।

## जनभागीदारी से स्वच्छता में अव्वल आएगा शहर: निगमायुक्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को गति देने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सोमवार को पांच प्रमुख विभागों की बारी-बारी से सघन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही राजस्व वसूली पर विशेष फोकस करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिये। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने समय पर टैक्स संग्रहण और वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने शहर को साफ-सुथरा और डंपिंग-मुक्त बनाने की कार्ययोजना ,व्यवस्थापन और राजस्व वृद्धि के उपाय, शहरी आजीविका मिशन के तहत हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना, निगम के अधीन आने वाले शिक्षण संस्थानों में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में स्वच्छता को लेकर निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता अभियान शासकीय काम नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य है। जब तक हर नागरिक इस अभियान से दिल से नहीं जुड़ेगा, तब तक हम पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए कि वे वार्डों में जाकर जनता से सीधा संवाद करें और स्वच्छता को एक जन-आंदोलन का रूप दें।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर।** खमरिया पुलिस ने नारायण धाम फगुआ नाला के समीप रहने वाला रामस्वरूप गोटिंया का 35 वर्षीय बेटा चंद्रमोहन ने अपने घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों फिनिक्स पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। बीती रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गये थे। चंद्रमोहन अपने कमरे में पत्नी और बच्चों के साथ सो रहा था। सुबह 7 बजे उसके पिता ने देखा तो उनका बेटा चंद्रमोहन गोटियां खिड़की की रॉड पर फंदे से लटका था, जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## पमरे ने कमाया 744 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 माह में रूपये 744 करोड़ 13 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी माह (रूपये 739 करोड़ 84 लाख) कि तुलना में अधिक है। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 220 करोड़ 06 लाख, माल यातायात से रुपये 480 करोड़ 82 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 15 करोड़ 31 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 27 करोड 94 लाख का रेलवे ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू शामिल है।

## राजस्थान की महिला के साथ जबलपुर जैन तीर्थ स्थल पर लूट का प्रयास

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पिसनहारी की मढिया जैन तीर्थ धर्मशाला में रविवार रात राजस्थान के जयपुर से आई एक महिला के साथ छेड़छाड़ और लूट का प्रयास किया गया, आरोपी महिला के बच्चे को धमकी देकर फरार हो गया। जानकारी अनुसार महिला अपने परिवार के साथ दर्शन के लिए जैन तीर्थ स्थल पहुंची थी। रात के समय वह बच्चों को वॉशरूम ले गई, जहां पहले से एक युवक छिपा हुआ था। वापसी के दौरान आरोपी अचानक सामने आ गया और चाकू दिखाकर महिला से छेड़छाड़ व लूट की कोशिश करने लगा। आरोपी ने बच्चे को जान से मारने की धमकी दी।

# आपस में टकराए 5 बड़े वाहन, नागा घाटी में हादसा

### बरेला थाना क्षेत्र का मामला, हादसे में कई घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरेला थाना क्षेत्र में बनी नागा घाटी में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बरेला शारदा मंदिर रोड पर हुई इस दुर्घटना में 5 वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहन के अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया। बताया जा रहा है कि कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।



### स्थानीय लोगों ने लगाए आरोप

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नागा घाटी से नीचे उतरते समय सड़क सपाट होने के कारण कई बार भारी वाहनों के ब्रेक ठीक से काम नहीं करते, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस खतरनाक मार्ग को लेकर कई बार पुलिस और प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बार-बार हो रहे हादसों के कारण बरेला शारदा मंदिर के पास का यह हिस्सा अब लोगों के बीच मौत का प्वाइंट बन चुका है।

### नहीं लगाए गए सुरक्षा संकेतक

स्थानीय निवासियों और राहगीरों में प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम अब तक नहीं किए गए। क्षेत्रवासियों के अनुसार सड़क पर न तो प्रभावी गति नियंत्रण व्यवस्था है और न ही पर्याप्त सुरक्षा संकेतक लगाए गए हैं। ऐसे में हर दिन यहां हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस सड़क को जल्द सुरक्षित घोषित कर आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।




# हितकरिणी डेंटल की टीम ने लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने सोमवार को मुख्य सुरक्षा अधिकारी उच्च न्यायालय, घमापुर में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 52 सुरक्षा अधिकारियों के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही ख़ान पान एवं टीम द्वारा दांतों की सफाई के लिए निशुल्क दंत उत्पाद भी प्रधान किए गए एवं उनको इस्तेमाल करने की सही विधि बताई गई तथा ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ.रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के सहायक पुलिस अधीक्षक पीएल पार्टेटे के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ई श्रीकांत तथा डॉ.अविनाश बोस एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।










हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.